Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 146 | गुरूवार, 29 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### भारत के लिए जरूरी हैं पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान

## रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट के निर्माण को मंजूरी दी



नई दिल्ली।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पांचवी पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान के निर्माण को मंजूरी दी है। रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) इसके मॉडल एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के डिजाइन पर पहले से काम कर रहा है। वर्तमान में सिर्फ तीन देशों अमेरिका, रूस और चीन के पास पांचवी पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान हैं। भारत का पहला पांचवी पीढ़ी का लड़ाकू विमान सिंगल सीट और दो इंजन वाला होगा। यह एडवांस्ड स्टील्थ कोटिंग और इंटरनल वेपन बेज से लैस होगा। इंटरनल वेपन बेज में लगाए गए हथियार बाहर से दिखते नहीं हैं। अमेरिका के एफ- 22 और रूस के एसयू- 57 लड़ाकू विमान में ये फीचर्स हैं। एमसीए के दो वर्जन होंगे। पहले वर्जन में अमेरिका में बना जीइ 414 इंजन लगेगा। दूसरे वर्जन में स्वदेशी जेट इंजन लगेगा, जो जीइ 414 से ज्यादा ताकतवर होगा। कुल मिला कर यह सुपरमैन्यूवरेबल और स्टील्थ फीचर वाला मल्टीरोल लड़ाकू विमान होगा। संभावित फीचर्स अधिकतम ऊचाई तक जा सकेगा, 55,000 फीट इंटरनल बेज में वैपन, 1,500 किलोग्राम बाहर, 5,500 किलोग्राम ईंधन क्षमता, 6,500 किलोग्राम इसका मतलब टैक्टिवल मूवमेंट करने की लड़ाकू विमान की क्षमता से है। जैसे अचानक दिशा बदलना और अलग अलग एंगल से दूसरे लड़ाकू विमान पर हमला करना। पारंपरिक एयरोडायनामिक्स तकनीक से ऐसा करना संभव नहीं है। इसे सेना की भाषा में सीड आपरेशन कहते हैं। पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सबसे उन्नत लड़ाकू विमान हैं, जो स्टील्थ, सुपरक्रूज, और डिजिटल तकनीकों से लैस होते हैं।

## हमें आतंकवाद के खिलाफ अपनी रक्षा का अधिकार



नई दिल्ली।

नई दिल्ली मौजूद इटली के दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपनी करने रक्षा का अधिकार है और इसे दुनिया के कई देशों ने माना भी है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 'मजबूत, ठोस और संतुलित' जवाब देते हुए आतंक के अड्डों और लॉन्चपैड्स को तबाह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दुनिया के कई देशों ने मान्यता दी है। जयशंकर ने यह बात नई दिल्ली स्थित इटली के दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम इटली के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था। विदेश मंत्री ने कहा, 'हम इटली के समर्थन और सहानुभूति के लिए आभारी हैं, जो उन्होंने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद दिखाई। उस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।' जयशंकर ने बताया कि भारत ने उस हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों के जरिए तबाह कर दिया।

## ईरान में रहस्यमय ढंग से गायब हुए 3 भारतीय



**नई दिल्ली।** तीनों ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 की शुरूआत के बीच व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ईरान की यात्रा की थी। एक्स पर एक बयान में भारतीय दूतावास ने कहा कि तेहरान को उनका पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। ईरान में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं, जिसके बाद भारत सरकार ने उनकी सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राजनयिक संपर्क स्थापित किया है। विदेश मंत्रालय (टएअ) ने पुष्टि की है कि लापता व्यक्तियों- जिनकी पहचान योगेश पंचाल, मोहम्मद सादिक और सुमीत सूद के रूप में हुई है। तीनों ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 की शुरूआत के बीच व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ईरान की यात्रा की थी। एक्स पर एक बयान में भारतीय दूतावास ने कहा कि तेहरान को उनका पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## कनिमोझी ने आतंकवाद को लेकर दुनिया को चेताया



**नई दिल्ली।** कनिमोझी ने कहा कि आतंकवाद सिर्फ.भारतीय धरती पर ही नहीं रुकता, यह फैलता है, और कोई भी देश सुरक्षित नहीं है, चाहे वे उन जगहों से कितनी भी दूर क्यों न हों जहाँ ये आतंकवादी समूह प्रायोजित हैं। ग्रीस में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का ग्रीस के हेलेनिक संसद में भारत-ग्रीस मैत्री समूह की अध्यक्ष मारिया एंटोनियो और संसदीय समूह एनडी के सचिव क्रिस्टोस डरमेंटजोपोलोस ने स्वागत किया। डीएमके सांसद कनिमोझी को ग्रीक पक्ष की ओर से क्रिस्टोस डरमेंटजोपोलोस ने आभार प्रकट किया। ग्रीस की हेलेनिक संसद में डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि जब भारत पर हमला होता है, तो सभी राजनीतिक दल एक साथ खड़े होते हैं क्योंकि हम अपने देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो हाल ही में हमारी धरती पर हुई घटना से दुखी हैं। हम ग्रीस को हमारे साथ खड़े होने और आतंकवाद की निंदा करने के लिए धन्यवाद देते हैं।

## पीएम के बंगाल दौरे से पहले गरमाई सियासत

कोलकाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में भाजपा के अभियान के तहत आज अलीपुरद्वार में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने वाले हैं।

उनके बंगाल दौरे से पहले टीएमसी मंत्री उदयन गुहा टिप्पणी से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। गुहा ने कहा है कि जो लोग कभी चाय बेचते थे, वे अब सिंदूर का कारोबार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे से पहले सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंत्री उदयन गुहा द्वारा पीएम मोदी और ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणी से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। उदयन ने कहा कि जो लोग कभी चाय बेचते थे, वे अब सिंदूर का कारोबार कर रहे हैं। उदयन की इस टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सशस्त्र बलों का अपमान करने का आरोप लगाया है। उत्तर बंगाल विकास मंत्री गुहा ने मंगलवार को कूच बिहार जिले के दिनहाटा में एक कार्यक्रम को को संबोधित किया। एक वायरल वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि पहले कुछ लोग चाय का कारोबार करते थे, अब वे सिंदूर का कारोबार कर रहे हैं। कुछ लोग गर्म चाय बेचते थे, अब उनके खून में गर्म सिंदूर बह रहा है। वे उस सिंदूर को बेचने के लिए उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार तक आ रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं हो सकी है। गुहा ने पीएम पर सांप्रदायिक विवाद फैलाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया, 'लोगों में जहर घोलने की कोशिश मत करो। धार्मिक जहर घोलकर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश मत करो।' इस बीच, गुहा की टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

> बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुहा को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की।



### सुरक्षा को लेकर करेंगे बड़ी बैठक

## दो दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर जाएंगे अमित शाह



बैठक में 3 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। पहलगाम हमले के मद्देनजर इस साल अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी। बैठक में घुसपैठ, आतंकवाद विरोधी अभियान और पिछली बैठक के बाद उठाए गए सुरक्षा कदमों पर भी चर्चा होगी।

नई दिल्ली।

गृह मंत्री अमित शाह कल शाम जम्मू-कश्मीर पहुंचेंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान, वे ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करेंगे और प्रभावित लोगों से मिलने के लिए पुंछ और नौशेरा जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे एकीकृत कमान बैठक की अध्यक्षता भी कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने और हाल में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए 29 और 30 मई को जम्मू-कश्मीर का दौरा कर सकते हैं। हालांकि, अब इस खबर की पुष्टि हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह कल शाम जम्मू-कश्मीर पहुंचेंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान, वे ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करेंगे और प्रभावित लोगों से मिलने के लिए पुंछ और नौशेरा जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे एकीकृत कमान बैठक की अध्यक्षता भी कर सकते हैं। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद से इस क्षेत्र की उनकी पहली यात्रा है, जिसे भारतीय वायुसेना ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चलाया था। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। गृह मंत्री ने उसी शाम कश्मीर का दौरा किया और अगले दिन बैसरन का दौरा किया। रिपोर्टों के अनुसार, शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने वाले हैं और पुंछ के सीमावर्ती जिले का दौरा करेंगे, जो पाकिस्तानी गोलाबारी का खामियाजा भुगत रहा है, जिसमें 14 लोग मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। गृह मंत्री 29 मई की शाम को जम्मू में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

## मैंने ही मोदी सरकार से नोटबंदी की सिफारिश की थी! चंद्रबाबू नायडू ने कहा- इसकी फिर से जरूरत



नई दिल्ली।

वाईएसआर कडप्पा जिले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के वार्षिक महानाडु सभा में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नायडू ने 500 रुपये, 1,000 रुपये और 2,000 रुपये जैसे बड़े नोटों को बंद करने की वकालत की और डिजिटल भुगतान को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपये और उससे अधिक मूल्य के नोटों को बंद करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस तरह के कदम से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ेगी। वाईएसआर कडप्पा जिले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के वार्षिक महानाडु सभा में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नायडू ने 500 रुपये, 1,000 रुपये और 2,000 रुपये जैसे बड़े नोटों को बंद करने की वकालत की और डिजिटल भुगतान को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डिजिटल करेंसी की रिपोर्ट दी थी, तो मैंने उनसे एक ही बात कही थी कि जरूरत है 500, 1000 और 2000 के नोट छापना बंद कर दीजिए।

### ग्रॉसी ने ईरान-अमेरिका के बीच जारी वार्ता को बताया अच्छा संकेत

## अमेरिका को परमाणु वार्ता के लिए और समय चाहिए: ट्रंप



नई दिल्ली।

अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता अभी भी जारी है। ऐसे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर हमले रोकने के लिए कहा है, ताकि अमेरिकी प्रशासन को ईरान के साथ नए परमाणु समझौते के लिए और समय मिल सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर हमले रोकने को कहा है, ताकि अमेरिका को ईरान के साथ नए परमाणु समझौते के लिए और समय मिल सके। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि मैंने नेतन्याहू से कहा है कि अभी ईरान पर हमले करना अनुचित होगा, क्योंकि हम समाधान के बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्थिति कभी भी बदल सकती है, बस एक फोन कॉल से भी। लेकिन अभी, मुझे लगता है कि ईरान एक समझौता करना चाहता है। और, अगर हम एक समझौता कर सकते हैं, तो इससे बहुत से लोगों की जान बच जाएगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि सबकुछ ठीक रहा, तो अगले कुछ हफ्तों में एक समझौता हो सकता है। हालांकि, इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता पर अभी भी कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी बातचीत को एक अच्छा संकेत बताया। ग्रॉसी ने कहा कि वह ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिका के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के साथ लगभग रोजाना बातचीत कर रहे हैं।

> ग्रॉसी ने यह भी स्वीकार किया कि बुधवार को उनके एक डिप्टी अधिकारी ईरान की राजधानी तेहरान में थे। ईरानी अधिकारियों ने अधिकारी की पहचान मैसिमो अपारो के रूप में की है, जो परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सुरक्षा उपाय शाखा के प्रमुख हैं। ग्रॉसी ने वियना में पत्रकारों से कहा, 'फिलहाल, कुछ भी तय नहीं हुआ है। हमे नहीं पता कि कोई समझौता होने जा रहा है या नहीं।

## संपादक की कलम से

# सिंदूर की सियासत

पाकपरस्त आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर पर खूब सियासत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी शहर-शहर जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। खूब तालियां और नारेबाजी बटोर रहे हैं। विपक्ष और खासकर कांग्रेस साररूप में ऑपरेशन सिंदूर और मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम करार दे रही है। विपक्ष की व्याख्या है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अकेला रहा, जबकि पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्किये, अजरबैजान आदि देश सक्रिय रूप से जुड़े रहे। विपक्ष सेना के शौर्य, पराक्रम और प्रहारों की प्रशंसा कर रहा है, लेकिन सरकार को हर स्तर पर नाकाम आंक रहा है। सरकार और सेना को विभाजित कैसे किया जा सकता है? सेना भी सरकार का ही हिस्सा है और राजनीतिक नेतृत्व के निर्देश पर ही काम करती है। क्या कांग्रेस, तृणमूल, सपा, शिवसेना (उद्धव) और वामपंथी दल इसीलिए संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके सवालों पर विमर्श को केंद्रित किया जा सके और वे शब्द संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज किए जा सकें? ताकि विपक्ष प्रधानमंत्री समेत सत्ता-पक्ष की घेराबंदी कर सके? बेशक हम संसद के आपातकालीन सत्र के खिलाफ नहीं हैं, संसद लोकतंत्र का अंतिम और निर्णायक मंच है, लेकिन उस सत्र से देश को हासिल क्या होगा? विपक्ष वही सवाल संसद में भी दोहरा सकता है, जो अब भी कर रहा है और मीडिया में खूब छप रहे हैं और टीवी चैनलों पर चिल्ल-पौं भी जारी है। ऐसी ही सियासत के लिए संसद सत्र हररोज नहीं बुलाए जा सकते। मॉनसून सत्र एक माह दूर ही है। संसद सत्र की कार्यवाही पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। बहुत से निष्कर्ष अभी हासिल किए जाने हैं। बेशक विपक्ष के विरोध का केंद्र प्रधानमंत्री मोदी ही हैं और विरोध के मद्देनजर फर्जी नेरेटिव भी गढ़े जा रहे हैं। सत्ता-पक्ष 1947-48 के दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की ऐतिहासिक गलतियों को दोहराएगा और बाद में प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी की नाकामियों को भी गिनाएगा। आखिर इतिहास पर रोने-धोने से देश को हासिल क्या होगा? देश के सामने अर्द्धसत्य ही आएंगे, क्योंकि उस दौर की पीढ़ी तो लगभग दिवंगत हो चुकी है। इतिहास पूर्वाग्रहों पर आधारित हैं। दरअसल आज नेहरु-इंदिरा के नाम पर वोट भी नहीं मिलते। सवाल है कि एक सशस्त्र ऑपरेशन चलाने, आतंकियों के 9 प्रमुख अड्डे मिट्टी-मलबा कर देने और 172 आतंकियों को ढेर कर देने के निष्कर्ष के तौर पर चंद सवाल ही पूछे जा रहे हैं कि देश को क्या मिला? क्या आतंकवाद खत्म हो गया? क्या हाफिज सईद, मसूद अजहर सरीखे खूंखार आतंकी सरगनाओं को भारत को सौंपने की शर्त तय हुई है? यह सब कुछ अनर्गल है। बहरहाल सियासत के प्रतीक के तौर पर अब सिंदूर मिल गया है। भाजपा भी घर-घर जाकर महिलाओं को उपहार के तौर पर सिंदूर बांटेगी। क्या सिंदूर कोई भी, किसी भी समय, बांट सकता है अथवा यह वैवाहिक रस्मों की एक पवित्र प्रक्रिया है? भाजपा ने 9 जून से एक माह का राष्ट्रीय अभियान शुरू करना तय किया है। इस तारीख पर, बीते वर्ष 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसी की सालगिरह मनाई जा रही है। मोदी पहली बार 26 मई, 2014 को देश के प्रधानमंत्री बने थे।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह
## इन्तजार
### कविता



इन्तजार में कट गई सारी रातें
बुझ गई दीया ना हुई कोई बातें
कोसों दूर खड़ी हो क्यूँ आज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

वो पूनम की थी रात मस्तानी
रूत सावन की थी मौसम सुहानी
फिर क्यूँ ना आई बन कर परवाज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

चारू चन्द्र की चंचल। थी किरणें
गा रही थी गीतें पहाड़ों के झरने
दादुर ने छेड़ दी थी सरगम की साज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

पुरवाई ने लिख दी अपन प्रेम कहानी
मशगुल है दरिया की स्वच्छ ये पानी
तैरती मीन छुपा रही है कोई राज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

विरह की थी वो काफिर एक साया
गम में डूब गई प्रेम की छद्म माया
फिर भी फितरत से आई ना बाज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

घर आँगन को था मैंने इत्र से महकाया
बागों की कलियों से था राह में बिछाया
फिर क्यूं कर गई हमसे तुँ धोखेबाज
कब आओगी मन मंदिर में हमराज

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कर्नाटक की यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग



कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। दक्षिण भारत देश का खूबसूरत और प्रमुख हिस्सा माना जाता है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जिसको पर्यटन का मुख्य केंद्र माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती के लिए आते हैं। कर्नाटक में गोकर्ण, कूर्ग, बेंगलुरु, हम्पी और मैसूर जैसी फेमस जगहों पर घूमने के लिए सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि इन जगहों की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है, लेकिन कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंगुबे की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आपको जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

**अंगुबे:** बता दें कि यह खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन कर्नाटक के शिमोगा जिले में पड़ता है। अंगुबे को एक बेहद खूबसूरत गांव के साथ ही यहां का शानदार और छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है। अगुंबे कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से करीब 345 किमी दूर स्थित है। वहीं यह उडुपी से करीब 60 किमी दूर, मंगलूरू से 100 किमी और कर्नाटक के चिकमंगलूर से करीब 112 किमी की दूरी पर मौजूद है।

**अंगुबे की खासियत:** अंगुबे में ऐसी अनगिनत खासियत है, जो पर्टयकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित अंगुबे को कर्नाटक का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं यह कर्नाटक का सबसे हसीन और खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक माना जाता है। अंगुबे न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। इसलिए इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत भी माना जाता है। अंगुबे को कर्नाटक का चेरापूंजी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूब बारिश होती है। इस हिल स्टेशन की खूबसूरती के आगे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी फीके लगते हैं।


**जानिए क्यों है खास:** सैलानियों के लिए अंगुबे बेहद ही खास और अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह उन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। यह अपने शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। अंगुबे हिल स्टेशन न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि एडवेंचर के लिए भी जाना जाता है। कई पर्यटक यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर स्थित सबसे ऊंची बिंदु से फोटोग्राफी करना हर किसी का सपना होता है।

**अगुंबे सनसेट पॉइंट:** जब भी अंगुबे में किसी शानदार जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले अंगुबे सनसेट पॉइंट की बात होती है। यह सबसे लोकप्रिय पॉइंट है, जहां से पूरे शहर का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। वहीं यहां से सनसेट और सनराइज का नजारा काफी मनमोहक होता है।

**जोगीगुंडी फॉल्स:** अंगुबे में स्थित यह जगह जोगीगुंडी फॉल्स बेहद शानदार और अद्भुत खजाने से कम नहीं है। हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटकों को यह खूबसूरत वॉटरफॉल आकर्षित करता है। इस वॉटरफॉल के आसपास काफी हरियाली है। बताया जाता है कि इसका पानी एक गुफा से निकलता है और मानसून का समय यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट है।

## महाराणा प्रताप जन्म जयन्ती- 29 मई, 2025

# महाराणा प्रताप: शौर्य, बलिदान एवं साहस का अमिट आलेख



ललित गर्ग

हमारा देश भारत जिसे आस्था और विश्वास, शौर्य एवं शक्ति, बहादुरी और साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की वीरभूमि कहा जाता है, जहां की सभ्यता और संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति में शुमार है, जिसका अनुसरण संपूर्ण विश्व करता है। भारत की भूमि महान योद्धाओं की भूमि रही है, जिन्होंने भारत की एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे ही एक वीर एवं साहसिक योद्धा एवं सच्चे भारतीय महानायक थे महाराणा प्रताप, जो राजपूतों के सिसोदिया वंश से संबंध रखते थे। महाराणा को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी अकबर के सामने समर्पण नहीं किया। मुगल साम्राज्य के विस्तार के विरुद्ध उनके प्रबल प्रतिरोध ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया है। हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होंने जो वीरता दिखाई, वह आज भी शौर्य, पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। उनके जीवन की घटनाएं गौरवमय इतिहास बनी है। वे एकलौते ऐसे महा-राजपूत योद्धा थे, जिन्होंने अकबर को चुनौती देने का साहस ही नहीं दिखाया बल्कि युद्ध के मैदान में लोहे के चने चबवाये।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। जो हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि थी। जो इस वर्ष 29 मई को मनाई जाएगी। युवावस्था में ही महाराणा प्रताप ने तलवारबाजी, घुड़सवारी और युद्धनीति में महारत हासिल कर ली थी। उनकी जन्म जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके आदर्शों, विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर में दिए गए उनके अमूल्य योगदान का सम्मान भी है। महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर के सेनापति राजा मानसिंह के बीच 8 जून 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने लगभग 20 हजार सैनिकों के साथ 85 हजार की मुगल सेना से बहुत ही साहस, शौर्य, पराक्रम एवं बहादुरी के साथ सामना किया। दोनों सेनाओं के बीच गोगुडा के नजदीक अरावली पहाड़ी की हल्दीघाटी शाखा के बीच यह युद्ध हुआ। इस लड़ाई को हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही राणा हारे। मुगलों के पास सैन्य शक्ति अधिक थी तो राणा प्रताप के पास जुझारू शक्ति की कोई कमी नहीं थी। उन्होंने आखिरी समय तक अकबर से संधि की बात स्वीकार नहीं की और मान-सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करते हुए लड़ाइयां लड़ते रहे।



इस युद्ध में उनका प्रिय घोड़ा चेतक भी वीरगति को प्राप्त हो गया, लेकिन इसके बाद भी महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और युद्ध जारी रखा। मुगल शासक अकबर ने मेवाड़ पर अपना अधिकार स्थापित करने की भरपूर कोशिश की। लेकिन महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया और जीवन भर मुगलों के खिलाफ स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष करते रहे। उनका परिवार बहुत ही कठिन परिस्थितियों में रहा। वे कई सालों तक जंगलों, गुफाओं और पहाड़ियों में रहे। उन्होंने पेड़ों की छाल से बने साधारण कपड़े पहने और जंगली फल और जड़ें खाईं। उनकी पत्नी और बच्चे कभी-कभी घास की रोटी खाते थे। फिर भी, उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया या मुगलों के साथ समझौता नहीं किया। उनके शौर्य और वीरता की कहानी को आज भी बहुत ही गर्व के साथ याद किया जाता है। राजस्थानी भाषा के ख्यात कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध राजस्थानी कविता ह्यपातल और पीथलह्न हल्दीघाटी युद्ध के बाद की घटनाओं पर आधारित राणा प्रताप के जीवन में आई कठिनाइयों और उनके संघर्ष को दशार्ती है।

आजाद भारत में महाराणा प्रताप जैसे शूरवीरों के त्याग एवं बलिदान, शौर्य एवं पराक्रम को विस्मृत करने की चेष्टायें व्यापक पैमाने पर हुई है। हमने इन असली महानायकों को भूलाकर अकबर एवं औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को नायक बनाने की भारी भूल की है, नायक अकबर नहीं महाराणा प्रताप हैं, उन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर किया और घुट-घुट कर मरने पर मजबूर किया। सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश करने वाले भारत के नायक कैसे हो सकते? अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं एवं हिन्दू राष्ट्र के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी- भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचना एवं भारत की समृद्ध विरासत को लूटना। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की। ये राष्ट्रनायक हमारी असली प्रेरणा हैं।

भारतीय इतिहास में जितनी महाराणा प्रताप की बहादुरी की चर्चा हुई है, उतनी ही प्रशंसा उनके घोड़े चेतक को भी मिली। कहा जाता है कि चेतक कई फीट ऊंचे हाथी के मस्तक तक उछल सकता था। कुछ लोकगीतों के अलावा हिन्दी कवि श्यामनारायण पांडेय की वीर रस कविता ह्यचेतक की वीरताह्न में उसकी बहादुरी की खूब तारीफ की गई है। जब मुगल सेना महाराणा के पीछे लगी थी, तब चेतक उन्हें अपनी पीठ पर लादकर 26 फीट लंबे नाले को लांघ गया, जिसे मुगल फौज का कोई घुड़सवार पार न कर सका। मेवाड़ की जनजाति ह्यभीलह्न कहलाती है। भीलों ने हमेशा हर संकट एवं संघर्ष के क्षणों में महाराणा प्रताप साथ दिया। एक किवदंती है कि महाराणा प्रताप ने अपने वंशजों को वचन दिया था कि जब तक वह चित्तौड़ वापस हासिल नहीं कर लेते, तब तक वह पुआल यानी घास पर सोएंगे और पेड़ के पत्ते पर खाएंगे। आखिर तक महाराणा को चित्तौड़ वापस नहीं मिला। उनके वचन का मान रखते हुए आज भी कई राजपूत अपने खाने की प्लेट के नीचे एक पत्ता रखते हैं और बिस्तर के नीचे सूखी घास का तिनका रखते हैं।

महाराणा प्रताप का बचपन भील समुदाय के साथ बिता, भीलों के साथ ही वे युद्ध कला सीखते थे, भील अपने पुत्र को कीका कहकर पुकारते है, इसलिए भील महाराणा को भी कीका नाम से पुकारते थे। महाराणा प्रताप का दिल और दिमाग ही नहीं, बल्कि उनका शरीर भी साहसी एवं लोह समान था। कहा जाता है कि महाराणा प्रताप 7 फीट 5 इंच लंबे थे। वह 110 किलोग्राम का कवच पहनते थे, वह 25-25 किलो की 2 तलवारों के दम पर किसी भी दुश्मन से लड़ जाते थे। महाराणा प्रताप एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। उन्होंने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की।

# मानव जीवन में कला का महत्व

कला एक सर्वग्राही धारणा है जो मानव जाति के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कला मानव गतिविधियों और उन गतिविधियों के उत्पादों की एक विविध श्रृंखला है। कला एक विविध क्षेत्र है और इसमें कई रूपों में कलात्मक छाप शामिल हैं जिसमें पेंटिंग, मूर्तिकला, प्रिंटमेकिंग, फोटोग्राफी और अन्य दृश्य मीडिया सहित क्षेत्रों में छवियों या वस्तुओं का निर्माण शामिल हो सकता है। वास्तुकला को अक्सर दृश्य कला में से एक के रूप में शामिल किया जाता है; हालाँकि, सजावटी कला की तरह।

कला के पहले रूप प्राचीन गुफाओं की दीवारों पर पत्थर के कामों के साथ-साथ पेंटिंग के रूप में पाए गए थे। तो हम अनुमान लगा सकते हैं कि पेंटिंग कला का पहला तरीका था। पेंटिंग कला का सबसे समझने योग्य तरीका है क्योंकि यह हमें सबसे पूर्ण और ज्वलंत छाप देता है। संगीत, थिएटर, फिल्म, नृत्य, और अन्य प्रदर्शन कला, साथ ही साहित्य, और अन्य मीडिया जैसे इंटरैक्टिव मीडिया कला की व्यापक परिभाषा में शामिल हैं। एक कविता, एक पेंटिंग, कलाकार द्वारा बनाई गई एक मूर्तिकला उसे खुशी देती है जबकि वह निर्माण के कार्य में है; यह समय की चूक के बाद उसे फिर से खुशी देता है, जब वह कल्पनाशीलता से सृजन के मूल क्षण को फिर से बनाता है या फिर से जीवित करता है और उस कला को ध्यान से देखने वाले व्यक्ति को खुशी की एक बड़ी भावना भी देता है। ऑनलाइन आर्ट कोर्सबेस्ट हेडफोन डील करता है कला कई चीजों को व्यक्त करने का एक तरीका है। यह भावनाओं से निपटने का एक तरीका है जिसे बातचीत या शब्दों जैसे विशिष्ट साधनों के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता है। कला आपकी भावनाओं को व्यक्त करने का एक तरीका देती है। 17 वीं शताब्दी तक, कला को किसी भी कौशल या महारत के लिए संदर्भित किया जाता है और शिल्प या विज्ञान से अलग नहीं किया जाता था, लेकिन आधुनिक उपयोग में, ललित कला, जहां सौंदर्य विचार सर्वोपरि हैं, सामान्य रूप से अधिग्रहीत कौशल और सजावटी या लागू कला से अलग हैं। आज 21 वीं शताब्दी में अतीत की तुलना में कला के आयाम बहुत बदल गए हैं। इन दिनों कला न केवल आपके विचारों को व्यक्त करने का एक तरीका है, बल्कि इसका उपयोग जनता को किसी प्रकार की जानकारी या संदेश भेजने के लिए भी किया गया है। कला का उपयोग राजनीति और सामाजिक एजेंडा जैसे संपादकीय कार्टून और राजनीतिक या धार्मिक आंकड़ों पर निर्देशित चित्रों के लिए किया जा सकता है। कला लोगों को विभिन्न दृष्टिकोणों से चीजों को देखने के लिए प्रेरित और अनुमति दे सकती है। ऑनलाइन फिल्म स्ट्रीमिंग सेवाएँऑनलाइन कला पाठ्यक्रम कविता, साहित्य, गीत, नाटक और सिनेमा के माध्यम से कला मनुष्य को सुकून देती है। कला प्रेमी अपना पूरा जीवन कला के लिए काम करने में बिता सकते हैं। कला मृत्यु और क्षय को पार करने के लिए मनुष्य की इच्छा को पूरा करने का कार्य करती है जिसके लिए सभी सांसारिक चीजें विषय हैं। कला मनुष्य को यह कल्पना करने में मदद करती है कि वांछित क्या है लेकिन उपयोग के लिए तुरंत उपलब्ध नहीं है। कला आपको दूसरी दुनिया में ले जाती है जहाँ आप अपनी भावनाओं द्वारा सब कुछ व्याख्या करते हैं। यह उसे सिजोफ्रेनिया की यातना और रुग्णता के बिना एक दोहरा जीवन जीने में सक्षम बनाता है। कला का महत्व हमारे मानव निर्मित पर्यावरण की प्रकृति से संबंधित है, और चाहे हम इसे एक आराम या पीड़ा के लिए बनाते हैं। समकालीन संस्कृति में कला और सुंदरता के स्थान को समझने के लिए, आपको कला के ऐतिहासिक रूपों की ओर मुड़ने की आवश्यकता है। कला ऑनलाइन कला पाठ्यक्रमों का इतिहास कला के सही अर्थ को समझने के लिए हमें उस ऐतिहासिक अवधि से शुरू करना होगा जहां से वास्तविक कला की अवधारणा शुरू हुई थी, हालांकि आधुनिक शताब्दी में कला ने एक वाणिज्यिक मोड़ लिया है फिर भी कभी भी कम नहीं हैं जो अभी भी अपने मूल रूप में कला का सम्मान करते हैं। मानव जाति की सबसे कीमती उपलब्धियां और स्मारक, चाहे वह पिरामिड हो या ऐतिहासिक दृष्टिकोण से कोई इमारत, मनुष्य के कुछ महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना की यादों को वापस लाने के प्रयास हैं या निकट और प्रिय लोगों के नुकसान का प्रतीक हैं जो शुरू में हमेशा के लिए खो गए थे।



विजय गर्ग

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साफ सफाई, पर्याप्त मात्रा में दवाइयां एवं मरीजों का रखें ध्यान मनीषा अहलावत

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में पहुचीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के मा० सदस्य मनीषा अहलावत जी की अध्यक्षता में तहसील धौलाना सभागार कक्ष में जनसुनवाई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 15 महिलाओं की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद ,दहेज उत्पीड़न, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस आए जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य महोदया द्वारा संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।जनसुनवाई में जनपद के उप जिलाधिकारी, धौलाना क्षेत्राधिकार पिलखुवा, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, महिला थाना प्रभारी, प्रतिनिधि जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, के साथ समस्त अधिकारी उपस्थित रहे ।जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात सदस्य के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धौलाना का औचक निरीक्षण किया गया , जिसमें विद्यालय में साफ झसफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलाना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल साफ झसफाई एवं मरीज की सही से देखभाल करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ जिला प्रोवेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक,अमित संरक्षण अधिकारी, सोनिया प्रभारी वन स्टॉप सेंटर के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पंचायत कर संबंधित अधिकारियों को बैठाया धरना स्थल पर की वार्ता

**स्याना/बुलंदशहर**/बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत ब्लॉक ऊंचागांव पर आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता भगवाना मुकददम ने की तथा संचालन आलोक राठी ने किया, मुख्य रूप से पंचायत में पहुंचे युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान जी, पंचायत का मुद्दा लडाना गांव में गौशाला की दयनीय स्थिति, आवारा पशु, ब्लॉक संबंधित एवं विकास संबंधित समस्याएं, तथा अधिकारियों का जनता दरबार में ना बैठना, फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण न करना आदि समस्याओं को लेकर पंचायत में दर्जनों पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें मौके पर पहुंचे बीडीओ ऊंचागांव, चौकी प्रभारी ऊंचागांव, एडीओ समाज कल्याण विभाग, एडीओ एग्रीकल्चर, सहित आधा दर्जन अधिकारियों को धरने पर ही बैठा लिया।

# वृन्दावन रन-2025 में हजारों युवाओं ने लिया भाग

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृन्दावन** । वृन्दावन धाम में सुकॉरफिट के द्वारा वात्सल्य ग्राम वृन्दावन रन- 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया। मैराथन को तीन कैटेगरी में किया गया, जिसमें 10 किमी. की दौड़ प्रतियोगिता, 5 किमी. की दौड़ एवं 3 किमी. की दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल हैं। मैराथन की मुख्य अतिथि साध्वी ऋतंभरा दीदी ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी और कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ जीवन-शैली अपनानी चाहिए एवं साथ ही फिट रहने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। सुकॉरफिट के नरेन्द्र कोच ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में साध्वी ऋतंभरा दीदी के सहयोग से मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, सुकॉरफिट के द्वारा ब्रज क्षेत्र में यह पहली मैराथन है, जिसमें लोगों ने बढ-चढ़कर भाग लिया है। आगामी समय में भी सुकॉरफिट के द्वारा ब्रज क्षेत्र में समय-समय पर निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को हिट-फिट रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश चौधरी ने प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। मैराथन में 167वीं वाहिनी बीएसएफ के उप-कमाण्डेंट सीपी सिंह ने बड़ी संख्या में वाहिनी के बल सदस्यों के साथ के साथ बढ-चढ़कर भाग लिया एवं युवाओं को स्वस्थ शरीर की जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वृन्दावन रन में मथुरा रिफाइनरी कमियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दी।

# श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य निशान यात्रा



**वेलकम इंडिया**

- निशान यात्रा में भीड़ का नजारा देखने लायक था।
- अध्यक्षता रामअवतार गोयल और विजय गोयल सीसर वालों ने की।

**हांसी** । श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में 2351 महिलाओं व पुरुषों ने श्री श्याम का जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से निशान उठाये और शहर के मुख्य बाजार से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचे। इस भव्य निशान यात्रा का नेतृत्व श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने किया। अध्यक्षता रामअवतार गोयल और विजय गोयल सीसर वालों ने की। भव्य निशान यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया और दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाकर भक्तों को व्यंजन, ठंडा व मीठा पानी पिलाया। निशान यात्रा में भीड़ का नजारा देखने लायक था। शहर की परिक्रमा करके जब निशान यात्रा वापस मंदिर में पहुंची तो पहली पंक्ति मंदिर के अंदर थी और आखिरी पंक्ति लाल सड़क पर बने शहीद स्मारक के पास थी। निशान यात्रा की लाइन करीब 700 मीटर लम्बी थी। निशान यात्रा के मौके पर प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, लछमी कांत गर्ग, पप्पू खरडिया, मोहित मित्तल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल ,राघव गोयल (प्रवक्ता ) सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि कल शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इस्कान बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्त हरिराम नगर संकीर्तन करेंगे। 30 मई को श्री श्याम रथ सवारी निकलेगी। रथ सवारी के दौरान मंदिर प्रांगण से तोरणद्वार तक भव्य इलेक्ट्रिक आतिशबाजी की जाएगी और 31 मई को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभशर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से परविंदर पलक बाबा का गुणगान करेंगे। वहीं 1 जून को आयोजित एक शाम सावरें के नाम में साध्वी पूर्णिमा श्याम भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी।

# जेसीआई फोर्ट ने एसडीएम नागारिक को ज्ञापन देकर मांग कि हांसी शहर में रहे है रोहिणगां बांग्लादेशी व पाकिस्तानियो की जांच करवाई जाए : प्रधान सर्वेश सैनी

**वेलकम इंडिया**



**हांसी** । स्थानीय जेसीआई फोर्ट संस्था ने हांसी शहर के उपमंडल अधिकारी राजेश कोथ जी के पास जाकर जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान जैसी सर्वेश सैनी एक ज्ञापन सोपा । उस ज्ञापन में जेसीआई हांसी फोर्ट के सदस्यों ने हाल ही में पीछे पाकिस्तान के कुछ लोगों ने हिंदुस्तान में आकर यहां के नागरिकों पर अंधाधुन जो गोलियां बरसाई है और 26 लोगों को जो मौत के घाट उतार दिया है जो जाति धर्म पूछ कर गोलियां मारी है उन सब से आहत होकर सभी मेंबरों ने निर्णय लिया है कि भारत सरकार के द्वारा चलाए गए संदूर ऑपरेशन को देखते हुए। हांसी शहर के उपमंडल अधिकारी से रिक्वेस्ट की है की हमारी उपरोक्त संस्था एक सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य मानवता की सेवा करना है संस्था पूरे देशभक्ति की भावना से भारत को सुरक्षित व अखंड रखने के उद्देश्य से अनेक को सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है कई देश विरोधी ताकते जो कि भारत को आंतरिक रूप से शक्ति पहुंचने की नीयत से गुपचुप तरीके से देश के अंदर रहकर देश को नुकसान पहुंचाने का कार्य करती है इसी क्रम में हमारी संस्था आपसे अनुरोध करती है कि देश में गुप चुप तरीकों से रह रहे रोहिणगां बांग्लादेशी व पाकिस्तानियों का पता लगाकर तुरंत हांसी शहर से और देश से बाहर किया जाए जो कि भारत विरोधी ताकतों के लिए जासूसी का कार्य यूट्यूब चैनल व अन्य सूचना आदान-प्रदान के माध्यम से भी करते हैं इन सब की गहनता से जांच कर करके देश से बाहर किया जाए ताकि देश की सुरक्षा व अखंडता को किसी प्रकार की शक्ति न पहुंचे। इस दौरान कर्मवीर शास्त्री जी मोहित सैनी एडवोकेट जी कप्तान सिंह एडवोकेट जी रमेश कुमार समाजसेवी जी जेसी अनिल तनेजा जी ।

# महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिदेव का जन्मदिन मनाया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**। बीएसए कालेज स्थित हनुमान बगीची में श्री मुकंद मोहनेश्वर महादेव मित्र मंडल द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनिदेव का जन्म उत्सव पर सुबह तेल से अभिषेक काले तिल एवं गुड़ चना का भोग लगाया और शाम को मीठे शरवत की प्याऊ लगाई। मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि कर्म फल के दाता शनिदेव है, रावण ने जब शनिदेव को बन्दी बनाकर रखा था तब हनुमान जी ने ही उनकी जान बचाई थी और उनसे वचन लिया कि जो भी भक्त मेरी पूजा अर्चना करेगा उसको तुम कभी भी परेशान नहीं करोगे। गर्मी के कारण आम जन मानस का जीना मुश्किल कर रखा है सनातन धर्म में हनुमान चालीसा का महत्व बहुत अधिक होता है हनुमान जी कलयुग के जाग्रत देव हैं जिस भक्त पर हनुमान जी की कृपा हो जाती है उससे संकट कोसों दूर भागते हैं। इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भक्तों द्वारा मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ एवं श्री राम स्तुति बजरंग बाण किया जाता है। कलयुग में हनुमान ही ऐसे देवता हैं जो भक्तों की पुकार जल्दी सुन लेते हैं। इसलिए मन्दिर के कमेटी द्वारा आज शरवत वितरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर हनुमान बगीची के महन्त श्री मनोज राजपूत, राजू पटेल,विकास खत्री, आकाश चौरसिया, प्रमोद कुमार,पप्पू ठाकुर, विष्णु शर्मा,विवेक सारस्वत, तनुज राजपूत, वंशी सिंह,एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

# पशु-पक्षियों का सहयोग करने का समय, आगे आने की जरूरत :- बोहरा

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर राजस्थान**। भीषण गर्मी के इस वक्त में विशेषकर पशु-पक्षियों व वन्यजीवों के हाल बेहाल है, जिन्हें सबसे ज्यादा पानी की सख्त जरूरत है। जिसको लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से कारेली नाड़ी के खुले परिसर व पुल के नीचे में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं के लिए हरे चारे-पानी तथा पक्षियों के लिए चुग्गे व पानी व्यवस्था की जा रही है।

जन कल्याण संस्थान के सदस्य जोगेन्द्र वडेरा ने बताया कि भीषण गर्मी के इस दौर में जन सहयोग एवं संस्थान की ओर से कारेली नाडी के खुले परिसर में बेसहारा पशुओं के लिए नियमित रूप से हरे-चारे व पानी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं शीतल जल के लिए जल कुण्ड लगाएं गए। अमन ने बताया कि पास ही में अस्थायी चबुतरे के माध्यम से सैंकड़ों कबूतर, चिड़िया आदि पक्षियों के लिए ज्वार, बाजरे की व्यवस्था की गई है। जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष व जीव दया प्रेमी मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी का यह समय हर प्राणी के लिए बहुत ही विकट समय है। ऐसे में हमें तन, मन, धन से विशेषकर इन बेसहारा व बेजुबान जीवों की सेवा व सहायता करने की जरूरत है। अमन ने कहा कि पशु-पक्षियों की सेवा का सबसे पुनीत समय है। हम सबको आगे आकर अपने आसपास के जीवों को हर संभव मदद करनी चाहिये। कारेली नाड़ी में पशु-पक्षियों को हरा चारा, चुग्गा, पानी आदि में सहयोग को लेकर मुकेश अमन, जोगेन्द्र वडेरा, हरीश बोथरा, पवन संखलेचा, मोहन डोसी, मुकेश भंसाली, पंकज परमार, शाहरूख आदि साथी नियमित सेवा दे रहे है।

# बरहाना में लगा माता का मेला

**वेलकम इंडिया**



**बुगरासी**। बुधवार को बुगरासी बरहाना रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के पास बने चामुण्डा मन्दिर पर बरसाना वासियों ने माता के मेले का आयोजन किया ।यह मेला सैंकड़ों वर्षों से लगता चला आ रहा है ।बरहाना निवासी पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि ? इस मेले में आकर पूजा अर्चना करने से चर्मरोग दूर हो जाते है ।इस मेले मे क्रियावली धनियावली किसोला जलालपुर रूखी भगवानपुर रवानी कटीरी हयातपुरा बसीबांगर निजामपुर बनभोरा घुंघरावली फरीदाबांगर बुकलाना बुगरासी सहित कई दर्जन गांवों के महिला पुरूष बच्चों के साथ मेले में आकर पूजा अर्चना कर चर्मरोग दूर करते है। बरहाना वासियों ने मेले में आने वालों के लिये भंडारे लगाकर खाने की पूर्ण व्यवस्था कर रखी थी ।कई जगह मीठे व नमकीन पानी की छबील लगा रखीं थी। सुरक्षा के मद्देनजर चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह ने पुलिस बल तैनात कर रखा था ।112 न0 पुलिस की गाडी भी वहीं पर तैनात रही थी। गर्मी अधिक होने के कारण मेले में आने वालों को परेशानी का सामना करना पडा।

# सीआईएसएफ जवानों का दुर्घटना बीमा 1 करोड़, हवाई दुर्घटना बीमा 1.5 करोड़ हुआ

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा**। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों और उनके परिवारों के लिए राहत भरी खबर आई है, अब सीआईएसएफ के जवान किसी हादसे का शिकार हो जाते हैं तो उनके परिजनों को अपने भविष्?य के लिए किसी की तरफ देखने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इस बाबत सीआईएसएफ और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता के तहत अब केंद्रीय सशस्त्र पुलिस वेतन पैकेज (सीएपीएसपी) के तहत जवानों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया गया। इस एमओयू पर सीआईएसएफ की ओर से उप महानिरीक्षक (प्रशासन) रेखा नांबियार और एसबीआई की महाप्रबंधक (एनआरआई और एसपी) रंजना सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता 23 मई 2025 से 22 मई 2028 तक तीन साल के लिए लागू रहेगा। यह समझौता सीआईएसएफ के सेवारत और सेवानिवृत्त जवानों के लिए कई नए और बेहतर वित्तीय लाभ लेकर आया है, सबसे खास बात यह है कि ये लाभ बिना किसी अतिरिक्त फीस के दिए जाएंगे। पहले जहां सेवारत जवानों को 50 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (पीएआई) मिलता था, अब यह राशि बढ़कर 1 करोड़ रुपये हो गई है। सेवानिवृत्त जवानों के लिए यह राशि 30 लाख से बढ़कर 50 लाख रुपये हो गई है।

# ब्रज प्रेस क्लब एवं एनयूजेआई का पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई को

**वेलकम इंडिया**



**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी) मथुरा।** स्टेट बैंक चौराहा स्थित ब्रजवासी रॉयल होटल के सभागार में ब्रज प्रेस क्लब एवं नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया (एनयूजेआई), एनयूजे, उत्तर प्रदेश द्वारा 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है ।जिसमें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वरानंद महाराज, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोक सभा सांसद राजकुमार चाहर, उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं अन्य सांसद, विधायक, महापौर, चेयरमैन एवं देश के प्रमुख धमार्चार्य, मनीषी, वरिष्ठ पत्रकार, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आदि भाग लेंगे। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं महामंत्री पवन नवरत्न ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया है कि एनयूजेआई एवं ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ।साथ ही ब्रज क्षेत्र के सभी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया, यूट्यूब से जुड़े सभी समाज चिंतकों, पत्रकारों से समय से कार्यक्रम में भाग लेकर अपना स्थान सुरक्षित करने का आह्वाहन किया है। उन्होंने बताया कि समारोह के अंतर्गत समाज हित में अच्छा कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी एवं पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# ऊंचागांव ब्लॉक पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किया धरना प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने ब्लॉक ऊंचागांव पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने ब्लॉक स्तरीय आला अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसकी अध्यक्षता भगवाना मुकददम ने की। तथा संचालन आलोक राठी ने किया। मुख्य रूप से पंचायत में पहुंचे युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान जी, पंचायत का मुद्दा लडाना गांव में गौशाला की दयनीय स्थिति, आवारा पशु, ब्लॉक संबंधित एवं विकास संबंधित समस्याएं, तथा अधिकारियों का जनता दरबार में ना बैठना, फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण न करना। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसान कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। आवारा गौवंश, सिंचाई की अपर्याप्त व्यवस्था, खाद और बीज की कमी किसानों को परेशान कर रही है, फसल बीमा योजना में अनियमितता और रजवाहे व नहरों की सफाई न होने से भी किसान प्रभावित है।आदि समस्याओं को लेकर पंचायत में दर्जनों पदाधिकारीयों ने अपने विचार रखें। मौके पर पहुंचे बी डी ओ ऊंचा गांव, चौकी इंचार्ज ऊंचागांव, एडीओ समाज कल्याण विभाग, एडीओ एग्रीकल्चर, सहित आधा दर्जन अधिकारियों को धरने पर ही बैठा लिया। और अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई और फिर किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा बंधक भी बना लिया गया। बीडीओ ऊंचा गांव ने लड़ाना गांव में दो दिन बाद पहुंचकर समस्याओं का मौके पर समाधान करने का आश्वासन दिया। बाकी समस्त समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया। तथा गौशाला प्रकरण को लेकर एक ज्ञापन बी डी ओ ऊंचागांव को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ब्लॉक स्तरीय आला अधिकारी इन समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों किसानों तक नहीं पहुंच रहा है। युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहा कि अगर उपजिलाधिकारी स्याना गजेन्द्र सिंह अगर किसानों को दिए आश्वासन की वादाखिलाफी करते हैं। तो वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी जी के आदेश अनुसार जल्द एक बड़ा आन्दोलन तहसील में चलाया जाएगा। जो अनिश्चितकालीन होगा नो समझौता अबकी बार किसान अपनी खेती के उपकरण भी साथ लेकर जाएगा जैसे बलकटी, दराती, कुल्हाड़ी, फावड़ा आदि। पंचायत में उपस्थितः-युवा जिला महासचिव नीरज शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष हीरा शर्मा, ऊंचा गांव ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह राणा, बीवी नगर ब्लॉक अध्यक्ष आलोक राठी, संजू राणा, गगन राणा, राहुल राणा, सचिन राणा, राजू कमलपुर, रामपाल राणा, चौधरी यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईटीसी चौपाल की ओर सेहाई स्कूल और इंटर में 90 प्रतिशत से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल से किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** शहर के अलीगढ़ रोड स्थित आईटीसी चौपाल सागर की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 90% अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सब इंस्पेक्टर दीपक शुक्ला जी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस कार्यक्रम में आकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सफलता के मंत्र दिए। कहा कि आईटीसी चौपाल द्वारा करीब 60 मेधावियों को सम्मानित करना सराहनीय कदम है। जो प्रोत्साहित करने वाला है। सब इंस्पेक्टर दीपक शुक्ला ने कहा कि कभी वह भी दर्शकदीर्घा में बैठते थे। पर आज सम्मानित करने के लिए मंच पर हैं। उम्मीद जताई कि मेधावी भी एक दिन मेरी तरह भविष्य में सम्मान से दूसरे विद्यार्थियों को नवाजेंगे। उन्होंने कहा कि जिस उम्र में विद्यार्थी हैं, उस में ऊर्जा होती है। जिसे सही दिशा मिलना जरूरी है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट ही पहला कदम है। इसे मजबूती से टिकाए रखने के लिए शुभकामनाएं दीं। करियर का चयन बेहद सोच समझकर करने का सुझाव दिया। इस दौरान चौपाल सागर के इंचार्ज अनुराग शुक्ला, स्टोर इंचार्ज अनूप गुप्ता, सुखप्रीत सिंह व प्रभात सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

# कार्यक्रम में प्रत्येक गांव में 15 सदस्यों का दल पहुंचकर कर रहा है इलाज

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदम्बिका पाल का सपना स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना के बैनर तले निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन जोगिया ब्लॉक के करौदा मसीना एवं रामगढ़ (सालारगढ़) मे किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदम्बिका पाल ने हिस्सा लिया।

एनटीपीसी लिमिटेड के सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत शिवरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शरीर का सामान्य परीक्षण, रक्त की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, नाक, कान, गला और हड्डी की जांच हो रही है। इस दौरान सबको मुफ्त दवा और चश्मा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक गांव में 15 सदस्यों का दल पहुंच के इलाज कर रहा है और सभी लोगों का परीक्षण किया जा रहा है। शिविर में दवाओं का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किया जा रहा है। साथ ही एनटीपीसी लिमिटेड कमजोर आंखों वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मा भी दे रहा है। मीडिया से बात करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आम आदमी को गम्भीर बीमारी का पता नही चल पाता लेकिन इस कैम्प में जांच होने पता चल जा रहा है, जिससे यही पे उनका समुचित इलाज हो जा रहा है। वही इलाज पाकर क्षेत्र की जनता पाल के प्रति जुड़ाव एवं सम्मान बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उपस्थिति वक्तागण दीपक मौर्या जिला उपाध्याय भाजपा, विपिन सिंह महामंत्री, फतेहबहादुर सिंह मंत्री, सचितानन्द, अजय उपाध्याय, सम्पूर्णनन्द, महेन्द्र लोधी, अनुराग, बजरंगी, ग्राम प्रधान मसीना प्रभु यादव आदि रहें। वहीं चिकित्सक की बात करें तो डॉ0 राहुल रंजन, डॉ0 अमिताभ, डॉ0 प्रिंस, हिमांशु रौनियर, सुरीका, काजोल, अखिलेश, आदर्श, सिद्धार्थ, आस्था, सुभम राजपूत, हिमांशु बक्सी, स्वाति, मनीषा, सर्वेश कुमार, सीएचओ शारदा देवी, रामसिंह आदि द्वारा जांच एवं दवा वितरण किया गया।

# डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने प्रशासनिक अमले के साथ किया मथुरा शहर का निरीक्षण

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के ओ0एस0डी0 प्रसून्न द्विवेदी, एस0पी0 सिटी राजीव कुमार सिंह, एस0पी0 ट्रैफिक मनोज कुमार, सी0ओ0 सिटी भूषण वर्मा, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मथुरा शहर का गोल्फ कार्ट के माध्यम से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से टैंक चौराहा, टैंक चौराहा से एस0बी0आई0 चौराहा, एस0बी0आई0 चौराहा से बस स्टैंड, बस स्टैंड से बी0एस0ए0 कॉलेज, बी0एस0ए0 कॉलेज से भूतेश्वर अंडरपास तथा भूतेश्वर अंडरपास से श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर तक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जल भराव की समस्या के निदान, सुदृढ़ साफ-सफाई व्यवस्था, नालों की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, चौराहों के सौंदर्यीकरण आदि को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत शहर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव की समस्या हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से नालियों की सफाई करे, सड़कों के किनारे कूड़े को हटवाया जाए, सड़क मार्गों की प्रतिदिन सफाई कराई जाए तथा कूड़े को एकत्रित होने न दे। सुदृढ़ यातायात हेतु एस0पी0 ट्रैफिक को निर्देश दिए गए चौराहों एवं टर्निंग पॉइंट पर जाम की समस्या नहीं होनी चाहिए। नियमित दूरी पर ट्रैफिक पुलिस एवं होमगार्ड्स की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। हमे धार्मिक नगरी को और अधिक आकर्षक बनाने की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने चौराहों एवं प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए।

# हॉस्पिटल के उद्घाटन में पहुँचे शाह सय्यद मुमताज मिया चिश्ती



**वेलकम इंडिया**

**खीरी टाउन-खीरी:** कस्बा खीरी से लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर बुधवार को न्यू रिलीफ हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ जिसमें मेहमान ए खुसूसी के रूप में पहुँचे कस्बा खीरी स्थित दरगाह हजरत छेदा मिया रह0के सज्जादा नशीन शाह सय्यद मुमताज मिया जिन्होंने रिबन काट कर न्यू रिलीफ हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। न्यू रिलीफ हॉस्पिटल के उद्घाटन में एवन हॉस्पिटल की संचालिका डाक्टर फातिमा शाह, दानिश क्लिनिक के संचालक डाक्टर फहद, हॉस्पिटल के संस्थापक हाजी समीर व कस्बे के सभ्रात लोग मौजूद रहे। न्यू रिलीफ हॉस्पिटल के डाक्टर प्रेम भार्गव, डाक्टर जयंती भार्गव, डाक्टर शिवांक पटेल, डाक्टर गौरव राज ने बात चीत के दौरान बताया की उनका ये प्रयास रहेगा कि उनके हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को वो बेहत चिकित्सी सुविधा प्रदान करने उनका बेहतर से बेहतर इलाज हो सके वो जब हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर जाए तो उनके चेहरे पर एक मुस्कान रहे। हॉस्पिटल के संस्थापक हाजी समीर ने कहा कि आज का दिन उनके लिए बेहद खास है उनका एक सपना था कि कस्बा खीरी में में एक ऐसा हॉस्पिटल खोला जाए जहाँ मरीजों को शिक्षित डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज की सुविधा दी जा सके आज उनका सपना साकार हुआ है उनके द्वारा कस्बे में न्यू रिलीफ हॉस्पिटल खोला गया है उनकी ये ये कोशिश रहेगी कि हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों की बेहतर से बेहतर इलाज शिक्षित डॉक्टर द्वारा किया जाए उनजे बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा अनुभवी डॉक्टरों द्वारा दी जा सके।

# बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भोले सिंह का मेरठ में हुआ राज सम्मान

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**नजीबाबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम मेरठ मंडल द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नजीबाबाद के विकास अधिकारी भोले सिंह को उनके परिवार सहित उनके द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम में किए गए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए राज सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मान सम्मान के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नजीबाबाद के विकास अधिकारी भोले सिंह ने मेरठ मंडल के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान आगे भी मुझे और मजबूती, मेहनत व लग्न के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर भारी संख्या में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नजीबाबाद के पदाधिकारीयों एवं अभिकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सिंभावली ब्लॉक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत रोजगार कैंप का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली ब्लॉक परिसर में 28/5/2025 को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी हरित कुमार और एडीओ पंचायत शिवम्पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कैंप में जिला प्रबंधक (मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना) सोनू त्यागी ने मौजूद युवाओं को रोजगार योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार कैंप में लगभग 80 युवा शामिल हुए। लेकिन केवल 5 युवाओं के ही आवेदन पूरे दस्तावेजों के साथ स्वीकार किए जा सके। शेष युवाओं के दस्तावेज अधूरे होने के कारण आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदन के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान का संतुति पत्र (लेटर पैड पर) होना चाहिए। वही इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हरित कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को ?5 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। आवेदनकताओं को स्वयं की ओर से जनरल वर्ग को 15%, ओबीसी को 12% और एससी वर्ग को 10% राशि का अंशदान करना आवश्यक है। आवेदन उन्हीं युवाओं के स्वीकार किये जाएंगे जिनके दस्तावेज पूर्ण होंगे।अधिकारियों ने यह भी बताया कि आगामी माह में फिर से इसी प्रकार का रोजगार कैंप आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इच्छुक युवा जिला उद्योग विभाग, विकास भवन, हापुड़ में जाकर भी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

# सरकार की मंशा को अधिकारियों का पलीता

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** प्रधान मंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत देश में 10 हजार फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बनाई गई हैं। इनमें हजारों किसान ही कोआपरेटिव की तरह शेयर होल्डर बनते हैं। सरकार बिचौलियों के प्रभाव को कम करना चाहती है लेकिन मथुरा में अधिकारी सरकार की मंशा को ठेंगा दिखा रहे हैं। ब्रज फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी नगला सेरा सोंख ने गोवर्धन मण्डी में आढ़त का लाइसेंस लेकर काम शुरू किया। दो साल में 4 लाख का मण्डी टैक्स भी काम के एवज में दिया है लेकिन अधिकारी दुकान आवंटन के समय एफपीओ को आवंटन से बाहर कर देते हैं। इसकी शिकायत एफपीओ के सीईओ शिवराम सिंह ने डीएम से की है। उन्होंने बताया कि शासनादेश में किसान हितों को देखते हुए 10 प्रतिशत आरक्षण भी दिया गया है । गोवर्धन मंडी में 10 दुकानों का नव निर्माण हुआ था जिसमें एक दुकान एफपीओ के लिए आरक्षित है।

# बृजघाट मोक्ष धाम में जल भराव अतिक्रमण जैसी अन्य गंभीर समस्याओं को लेकर सर्व समाज के लोगों ने किया धरना शुरू

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तीर्थ नगरी बृजघाट के मोक्ष धाम में दूर दराज से अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को जल भराव अतिक्रमण जैसी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर सर्व समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन करते हुए अतिक्रमण को हटाने जल भराव से निजात दिलाने की मांग की। बता दें कि बृजघाट गढ़-गंगा मोक्षधाम शमशान घाट में विकास कार्य न होने को लेकर सर्व समाज द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन स्थल पर क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, एडीएम संदीप कुमार एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर अंकित वर्मा के द्वारा धरने को समाप्त कराया। और मोक्ष धाम में अतिक्रमण करने वालों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस अवसर पर धरना स्थल पर तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा के अध्यक्ष देवीप्रसाद गौड़ , दीपक गौड़ आरती समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित कपिल नागर ,विष्णु नागर गंगा सभा के अध्यक्ष विनय मिश्रा, गौरव मिश्रा, गंगा आदर्श तीर्थ पुरोहित समिति के अध्यक्ष राजकुमार (लालू) शर्मा ,सरनजीत गुर्जर ,वरिष्ठ भाजपा नेता राजू भैया, ओमप्रकाश पहलवान, योगेन्द्र पहलवान व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद सिंघल, सेतु लाला ,मोहित कंसल, श्रीमती पिंकी त्यागी, अजय शर्मा ,सी एस यादव, पवन शर्मा, राहुल (रिंकु) शुक्ला, विनोद शर्मा, टीटू बंसल टिंकु शर्मा, मोनू गोस्वामी ,केशव शर्मा हेमंत कुमार, अखिल शर्मा, राकेश निषाद , ठाकुर शोभित सिंह ,सभासद अरुण गौड़, नीतेश पंडित, आशीष शर्मा ,गौरव शर्मा, करण शर्मा, तारा निषाद, शोभित ठाकुर, जतिन शर्मा सहित अन्य गंगाभक्त व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय समर कैंप के समापन पर बच्चो पुरस्कृत किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़।** नगर के दिल्ली रोड अर्जुन नगर चमरी स्थित वीएबी पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विजेंद्र आदर्श इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिरोही विजेंद्र आदर्श बाल पब्लिक स्कूल से प्रधानाचार्य रीना पंवार, निदेशक मनीष कुमार मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अभिलाष सिंह व ऐसोसिएट प्रोफेसर पिंकी सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समर कैंप का समापन किया। निदेशक मनीष कुमार ने बताया आयोजित समर कैंप में प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी विद्यार्थियों ने समर कैंप में होने वाली सभी एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें पेंटिंग, कंप्यूटर कोर्स, इंग्लिश स्पीकिंग, मेहंदी, पेंटिंग, केक मेकिंग, स्विमिंग आदि एक्टिविटी रही। नर्सरी से कक्षा पंचम तक ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अतुल, वंश, वंशिका, नैतिक, हर्षित, लक्की, शिवम ने सुंदर प्रस्तुति की इस दौरान बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि इस तरह के समर कैंप के आयोजन से बच्चों के प्रतिभा सामने आती है एवं अच्छे प्लेटफार्म पर बढ़ने तैयार होने का मौका मिलता है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सहाना, इंचार्ज निर्मला शर्मा एवम अनीत, बंदना, बीना गोयल, अंजलि, रिजा त्यागी, निशा चौधरी, दिव्यांश त्यागी आदि ने प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।

# आई आई ए ने लिस्ट हॉल भूमि को फ्री होल्ड करने के संदर्भ में की प्रेस वार्ता

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



मेरठ आई.आई.ए. भवन, मोहकमपुर फेस-प्रथम, दिल्ली रोड, मेरठ पर लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड कराने के सम्बन्ध मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमे बागपत रोड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, स्पोर्टस गुडस मैनयुफक्चरीग एण्ड एक्सपोंटस एसोसिएशन, साईपुरम इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, ध्यानचन्द नगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, सरस्वतीलोक इंडस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशन, परतापुर इंडस्ट्रीयल मैन्युफैक्चरीग एसोसिएशन, उद्योगपुरम इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, गंगोल रोड़ इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन आदि एसोसिएशनों से पदाधिकारी उपस्थित रहे। आई.आई.ए. विगत काफी समय से प्रदेश में लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की मांग कर रहा है। उत्तर प्रदेश में अन्य प्रांतों की भाँति लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की प्रदेश के औद्योगिक संगठनों की सरकार से माँग लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्रीहोल्ड करने से प्रदेश में उद्योगों का विकास तथा सरकार को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की आवश्यकताजिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़े उत्तर प्रदेश में एक हेक्टेयर या उससे बड़े औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड करने की नीती लागू है जिसका प्रदेश के एमएसएमई को लाभ नहीं उत्तर प्रदेश के विकास एवं प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की असीम संभावनायें हैं, जिसके लिए प्रदेश में उद्योगों का विकास तीव्र गति से होना आवश्यक हैं इस विकास की गति में एक बाधक कारक प्रदेश के उद्योगों को सरकार द्वारा लीज पर दी गई भूमि है। औद्योगिक भूमि के लीज होल्ड होने से उद्यमियों को अपने उद्योग में छोटे से छोटे कार्य के लिए यूपीसीडा का अथवा उद्योग निदेशालय से अनुमति लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशनएवं प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठन (अ-20) लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहेहैं कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड इस शर्त के साथ कर दिया जाए कि इसका भू-उपयोग केवल औद्योगिक ही रहे, व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग नहोजब तक सरकार का इस संबंध में कोई अन्य आदेश जारी ना होतथा जो इकाइयाँ एक निश्चित समय से उत्पादन में हैं उनको ही फ्री होल्ड किया जाए उल्लेखनीय है कि देश के अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम-बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु में लीज होल्ड भूमि को फ्रीहोल्ड मे बदलने की पालिसी लागू है। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा विभिन्न कम्पनियों हेतु अधिग्रहित की गयी भूमि को फ्रीहोल्ड किये जाने सम्बन्धी नीति वर्ष 2016 मे जारी कर दी गयी है जो एक हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल में कार्यरत इकाइयों के लिए लागू सूक्ष्म और लघु उद्योग इस सुविधा से वंचितहैं।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को मारपीट कर घर से निकला

वेलकम इंडिया



**कांधला।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने अपने परिवार के साथ मिलकर पत्नी को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी करमू निवासी बुसरा पुत्री इसराइल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला जैन निवासी परवेज के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता के हाथों पर फूल के निशान है। जिसके चलते पीड़िता का पति पीड़िता को आए दिन शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहता है। बुधवार को पीड़िता के पति ने दहेज में दस लाख रुपए की मांग करते हुए पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने दहेज की मांग पुरी न करने की बात कही तो आरोप है कि पीड़िता के पति परवेज ने अपने परिवार के दिलशाद, नौशाद व शहजाद सहित अन्य परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी और कस्बे के मौहल्ला खेल निवासी महिला इशरत पत्नी अकबर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता का पति पीड़िता को खर्चा नहीं देता है। आरोप है कि पीड़िता की दो पुत्री है जिसमें एक पुत्री तेरह वर्ष की है। पीड़िता का पति पीड़िता की तेरह वर्षीय पुत्री की शादी करना चाहता है।विरोध करने पर मारपीट करता है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पिलखुवा पुलिस ने चोरी के 50 सीमेंट बैग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित सीमेंट, रोड़ी, बदरपुर सप्लायर को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए चोरी के 50 सीमेंट बैग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित सीमेंट रोड़ी बदरपुर सप्लायर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार सप्लायर टीकम सिंह पुत्र श्री राम निवासी गालन्द ने बताया कि यह सीमेंट उसके साथ ही ने लोहा मंडी गाजियाबाद से चोरी किया था। जिसको लेकर पिलखुवा पुलिस ने सप्लायर के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को भी सीज करने की कार्यवाही की है।

# किसान मजदूर की लड़ाई में कंधे से मिलाकर लड़ाई लडने का काम करेंगे

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन प्रधान का एक कार्यालय नजीबाबाद तहसील के नगर पंचायत सहारनपुर में क्षेत्र के किसानों और मजदूरों की समस्या को देखते हुए व्यापार जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अल्ताफ के अथक प्रयासों से खोला गया है इसके लिए उपयुक्त दोनों पदाधिकारी का प्रधान यूनियन आभार व्यक्त करती है कार्यालय उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक भूदेव प्रधान व संचालन वसीम अहमद तथा यशपाल राठी ने किया। कार्यालय का उद्घाटन भाकियू प्रधान की आन बान शान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान राष्ट्रीय महासचिव अनीस प्रधान जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह बालियान महिला जि० अ० रिता भूईयार युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार मंडल प्रभारी दलबीर सिंह संजीव दहिया संजीव चौहान मोहित ढाका विंकित कांगड़ा जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर भूपेश चौधरी दयाराम सिंह दारा सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशपाल राठी जमीर हसन जिला मंत्री शाहरुख एडवोकेट भूदेव प्रधान चौधरी हेमेंद्र सिंह धनकर ईश्वर सिंह चहल प्रदेश अध्यक्ष युवा अरुण चौधरी देशराज भंवर सिंह शं महमूद मलिक सरफराज अंसारी अंजार हुसैन आदि राष्ट्र प्रदेश जिला तहसील के पदाधिकारी के साथ-साथ नगर पंचायत सहानपुर के सैकड़ो की संख्या में गण मान्य व्यक्ति उपस्थित हुए और भारतीय किसान यूनियन प्रधान की सदस्यता ग्रहण की और किसान मजदूर की लड़ाई में कंधे से मिलाकर लड़ाई लडने का काम करेंगे।

# राज्यमंत्री के सवाल पर एसएसपी बोले-मथुरा में एमपी से आ रहा गांजा

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** राज्यमंत्री संदीप सिंह के सवाल पर एसएसपी श्लोक कुमार ने जवाब देते कहा कि मथुरा में अधिकतर गांजा मध्य प्रदेश से सप्लाई होता है। हालांकि पुलिस सप्लायरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। राज्यमंत्री ने पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने यह सवाल पूछा था। एसएसपी ने पुलिस द्वारा की गई विभिन्न कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी।

इसमें गुंडा एक्ट, पॉक्सो एक्ट, जिला बदर, अपहरण, लूट, बलात्कार समेत अन्य घटनाएं शामिल हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाएं का हाल जाना। इसके बाद उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि फसल बीमा योजना से ज्यादातर किसानों को लाभान्वित करें। वहीं जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान की सराहना की। डीएफओ को निर्देश दिए कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, योगेश चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, सीडीओ मनीष मीना, डीएफओ रजनी कांत मित्तल आदि मौजूद रहे।

# तमंचा व कारतूस लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित नानूपुरी गेट के समीप वाहन चेकिंग के दौरान एक बदमाश को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे गांव नानूपुरी गेट के समीप खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रही थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्द युवक आता दिखाई दिया पुलिस टीम ने जब रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा वह जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ। पूछताछ करने पर पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम फरमान पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम सल्पा थाना कांधला बताया। बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। दुसरी और थाना पुलिस ने गांव सुन्ना निवासी दाऊद को घर में घुसकर मारपीट करने पर वारंट जारी होने पर गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है ?

# दो युवकों के साथ मारपीट कर दबंगों किया घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों के साथ कई लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितो ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर दी है पुलिस जांच में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी मोहम्मद उमर ने बताया कि वह साइकिल रिक्शा पर आइसक्रीम बेचकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि बुधवार को वह थाना क्षेत्र के गांव किवाना के ईंट भट्ठे पर आइसक्रीम बेचने के लिए गया हुआ था आरोप है कि भट्टे पर कार्य करने वाले कई युवक आ गए और जबरदस्ती आइसक्रीम लेने लगे जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी नौशाद पुत्र एजाज हसन ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित से कबूतर बाजी को लेकर रंजिश रखते हैं बुधवार को वह बाइक पर सवार होकर कस्बे में आ रहा था तभी बीच रास्ते में आधा दर्जन युवकों ने पकड़ लिया और उसके साथ लाठी-डंडों वह सरीयो से मारपीट कर घायल किया है।

# वेतन न मिलने की वजह से कर्मचारियों को परिवार के भरण पोषण में आ रही दिक्कतें

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**सीबीगंज/बरेली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने से उनमें रोष व्याप्त है। इसी को लेकर कर्मचारियों ने अब प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने अपने वेतन न मिलने के कारण अपने परिवार के भरण पोषण में आ रही समस्याओं का जिक्र करते हुए जल्द से जल्द वेतन दिलवाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीगंज स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों को माह अप्रैल का वेतन अभी तक प्राप्त नही हुआ है और अब मई माह भी पूरा होने जा रहा है लेकिन अभी तक इन कर्मचारियों के वेतन के बारे में विभाग में कोई चर्चा नहीं चल रही है जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अपनी समस्या को लेकर कर्मचारियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम से एक ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द माह अप्रैल का वेतन दिलवाया जाए, साथ ही मई माह का वेतन भी समय से मिल सके ऐसी व्यवस्था की जाए। क्योंकि वेतन न मिलने से उनके परिवार का भरण पोषण सीधे तौर पर प्रभावित होता है परिवार की जरूरत को पूरा करने में कर्मचारियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि ऐसा ही कुछ हाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात संविदा कर्मचारियों का भी है उन्हें भी अभी तक माह अप्रैल का वेतन प्राप्त नहीं हो सका है वह भी जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे लेकिन उनकी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# विद्युत तार बदलवाने की मांग को लेकर किसान यूनियन का धरना

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा के बिजली घर पर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने विद्युत तार बदलवाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा बिजली घर पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दर्जनों कार्यकताओं ने बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के कार्यकताओं का आरोप है कि गांव में दर्जनों किसानों के खेतों के ऊपर से एचटी लाइन जा रही है। लाइन विद्युत पोल से नीचे झुकी हुई है किसान कई बार हादसों के शिकार हो चुके हैं शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान किसान यूनियन के ब्रह्मपाल नाला, गय्यूर हसन, तालिब चौधरी, पुष्पेंद्र कुमार, संदीप, नेत्रपाल, कृष्णपाल, वेदपाल, नवाब अली, सहित आदि लोगों ने धरना प्रदर्शन कर निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# सीएचसी पर विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को दी गई जानकारी

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को विश्व मासिक स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए और माहवारी स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सबीहा नाज ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन किशोरावस्था में उचित जानकारी के अभाव और झिझक के कारण लड़कियों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। महिला चिकित्सक रिफअत परवीन ने कष्टकारी दिनों में स्वच्छता बनाए रखने के बारे में विशेष जानकारी दी और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों से अवगत कराया। अर्श काउंसलर रेनू शर्मा ने बालिकाओं को माहवारी के बारे में बताया और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने सही पौष्टिक आहार के बारे में भी जानकारी दी और आयरन की गोली वितरित की। साथ ही 25 लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए।

# मोरना में कृषक गोष्ठी का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर :** सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना विकास परिषद/ शुगर मिल धामपुर के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह की प्रेरणा से ग्राम मोरना में नाबार्ड योजना के अन्तर्गत गन्ना समिति चेक बुक इशू कैंप/ कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमे अध्यक्ष, सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित पाण्डेय, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर मनोज कांट, सर्किल के गन्ना सुपरवाइजर राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ गन्ना सुपरवाइजर नासिर खान एवम् सहकारी गन्ना विकास समिति के 10 से अधिक कर्मचारी उपस्थित रहे कैम्प में आज 50 से अधिक कृषकों को चेक बुक वितरित किया गया।

कैंप के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर ने अवगत कराया कि गन्ना समिति धामपुर में लगभग 74 हजार आपूर्तिकर्ता सदस्यों में से लगभग 3 से 4 हजार ही लेन देन करते है। इस प्रकार के कैम्प लगाने से निश्चित तौर पर ऋण लेने वाले कृषकों में आशातीत वृद्धि होगी और कृषक बंधु विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हो सकेगें। उन्होंनेगन्ना समिति में उपलब्ध जिला योजना के अंतर्गत समस्त कीटनाशक दवाए एवम् बायो फर्टिलाइजर के उपयोग एवं महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर ने कृषक को नाबार्ड के ऋण वितरण, ऋण वितरण पर ब्याज अनुदान गन्ना पर्ची भुगतान एवम् सहकारी गन्ना खास गोदाम शेखपुरा मुकता के संचालन के बारे में बताया। सभापति महोदय सहकारी गन्ना विकास सीमित धामपुर मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि गन्ना विकास विभाग कृषक हित के नित नए कार्य करने में पूर्ण तत्पर है, अभी हाल में अपने प्रयास से समिति स्तर से उपलब्ध होने वाली कीटनाशक यथा शीमो, शीरासागी आदि का रेट संशोधित/कम किया गया जिससे कृषक बंधु लाभान्वित होना शुरू हो गये हैं, उन्होंने कृषक बधुओं के मांग पर गन्ना समिति का एक नया उप खाद गोदाम ग्राम मोरना में संचालित कराने का आश्वासन दिया। सभापति ने ग्राम मोरना में कृषक हित में चेक बुक जारी करने का कैम्प लगाने के लिए विभागीय अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कैम्प में उपस्थित कृषकों का आभार प्रकट किया, साथ ही यह भी सुझाव दिया कि यदि आगे भी कृषकों की मांग के क्रम में अन्य ग्रामों में कैम्प लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि घर घर चेक चेक बुक वितरण से जहाँ लेनदेन करने वाले कृषको की संख्या बढ़ेगी वहीं समिति का व्यवसाय में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी परिणाम स्वरूप समिति सुदृढ होगी। गोष्ठी/कैम्प में उपस्थित कृषकों ने भी कैम्प लगाकर चेक बुक सुलभता पूर्वक उपलब्ध कराने के लिए गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं सभापति जी का आभार जताया।

# माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर चढ़ाई कर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य राजपूत ने लहराया तिरंगा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर:** हिमालय की पीर पंजाल रेंज में स्थित 5289 मीटर ऊँचे माउंट फ्रेंडशिप शिखर को लक्ष्य राजपूत पुत्र अशोक कुमार निवासी धारूपुर ब्लॉक नूरपुर जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) ने 25 मई की सुबह 9 बजे सफलतापूर्वक फतह कर देश और प्रदेश का नाम गर्व से ऊँचा किया। यह अभियान गुजरात के 14 पर्वतारोहियों के साथ मिलकर 15 सदस्यीय टीम द्वारा सम्पन्न किया गया।

लक्ष्य राजपूत वर्ष 2019 से लगातार पर्वतीय गतिविधियों में सक्रिय हैं और कई कठिन ट्रेक और हाइकिंग अभियानों में भाग ले चुके हैं। वर्ष 2019 में ही उन्होंने प्रतिष्ठित हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एमएचआई), दार्जिलिंग से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स पूर्ण किया था।

शून्य से नीचे तापमान, अत्यंत ठंडी हवाएं और ऑक्सीजन की कमी जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच लक्ष्य और उनकी टीम ने अदम्य साहस और मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए इस कठिन शिखर को फतह किया। शिखर पर पहुंचने के बाद सभी पर्वतारोहियों ने तिरंगा लहराकर भारत का गौरव बढ़ाया। इस दल ने दुर्गम परिस्थितियों, जैसे बर्फबारी, भीषण ठंड और ऑक्सीजन की बेहद कमी, का डटकर सामना किया। पर्वतारोहण के प्रति टीम के सभी सदस्यों का समर्पण और साहस अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

# एआई के उपयोग तथा शिक्षण में सुधार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** राजा का ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं विद्यालय एम.डी इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल रवाना शिकारपुर में सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत एआई (क्रत्रिम बुद्धिमत्ता) के संदर्भ में और अध्यापकों को एआई के उपयोग तथा शिक्षण में सुधार हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय में सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन टीकम सिंह तथा विनय भटनागर ने अपने सेशन में एआई के संदर्भ में विद्यालय में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सनल टीकम सिंह, प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस प्रशिक्षण के दौरान कई प्रकार की जानकारियां प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रदान की गई।

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिसमें विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षकाओं ने अपना सहयोग दिया अन्य विद्यालय से आए शिक्षक तथा शिक्षकाओं ने विद्यालय द्वारा लन्च एवं जलपान व्यवस्था की प्रशंसा की।


# बच्चों से लेकर बुजुर्गों को पर्यावरण, खान-पान और योग के प्रति किया जागरूक, कार्यक्रम आयोजित कर किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के नगर की प्रमुख समाजसेवी व पूर्व प्रिंसिपल श्री गुरु नानक कन्या जूनियर हाइ स्कूल श्रीमती नरेन्द्र कौर ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए पर्यावरण, खान-पान और योग को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सभी बच्चों ने अपना योग क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेहतरीन कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। नगर के मेरठ रोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में प्रमुख समाजसेवी व पूर्व प्रिंसिपल नरेन्द्र कौर और विनय दीक्षित ने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए पर्यावरण, खान-पान और योग को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। श्रीराम पार्क में आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में पूर्व प्रिंसिपल नरेन्द्र कौर, विनय दीक्षित एवं नेहा ने बताया कि बच्चों को जंक फूड और मीठे पेय पदार्थों से दूर रहना चाहिए, उन्हें फल, सब्जियां, और अनाज आदि खाना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ रहें ? । यही उनके कार्यक्रम का उद्देश्य रहा है कि बच्चें स्वस्थ जीवनशैली अपनाए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग से लेकर बच्चों तक को पर्यावरण को बचाने के लिए अपने आसपास पेड़ पौधे लगाने चाहिए, उन्हें उनसे प्रेम करते हुए उनका ध्यान रखना चाहिए, ताकि वातावरण शुद्ध रह सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में योग को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए, जिससे हम बीमारियों से दूर रह सकें। कार्यक्रम में डॉ सुमन अग्रवाल ने बताया कि पूर्व प्रिंसिपल श्रीमती नरेन्द्र कौर, विनय दीक्षित एवं नेहा ने बच्चों के साथ मिलकर श्री राम पार्क का कायापलट कर दिया है एव उसको मेन्टेन करने का कार्य छोटे छोटे बच्चों की सहायता से कर रही है। पार्क में कई औषधीय पौधे लगाये गए है और निरंतर लगाए जा रहे हैं जिनका लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बच्चों को साफ सफाई एवं पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुये पेड़ पौधो से प्रेम करना सीखाया है। अब बच्चे स्वंय पौधों की देखमाल करते है। उन्होंने खाने के बारे में जागरूक किया है जिससे बच्चे घरों में अपनी माताओं से चुकन्दर, लौकी, पालक आदि के पराठे बनवाकर देशी व स्वस्थ खाने के प्रति जागरूक हुए है। इन सभी बच्चों को लगभग 30 योग क्रियाये भी सीखायी गई है जिन्हें सीखकर बच्चें अपने घरों में अपने बड़े बुजुर्गों को भी योग करवा रहे है और अच्छा स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। साल भर बच्चों को जागरूक करने के बाद नरेन्द्र कौर ने सभी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये डॉ सुमन अग्रवाल, आंचल मुद्गल एवं विजय शर्मा जी की गरिमामई उपस्थित में परितोषिक भी दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे है कृष्णा, वैभव, पार्थ, रिद्धि, सिद्धि, सानिध्य, कुंजिका, सानवी, परी, अनामिका, काजल, अन्वी, अंयाश, शिवाय, मौलिक, आदित्य, मिशु, परी, अव्यंश, आद्या, वर्णिका, आदि।

# समर कैंप का सातवां दिन




**वेलकम इंडिया**

**संत कबीर नगर।** विकास खंड सेमरियावां के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह की देख रेख में ब्लॉक के 62 जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप संचालित हैं। विद्यालय के अनुदेशक, शिक्षामित्र एवं सहयोगी शिक्षक द्वारा संचालित किया जा रहा है।

समर कैंप के सातवें दिन मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां में छात्र छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और जीवन कौशल के विकास हेतु आनंददाई अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता अभियान, फिटनेस एवं इनडोर खेल, आनंददायक शिक्षण गतिविधियां, स्कूल में लगे पेड़ पौधों को गर्मी से बचाव हेतु जल आपूर्ति, कहानी वाचन का अभ्यास कराया गया। बच्चों को प्रत्येक दिन वार्मअप, खेल एवं गणित संबंधी बातचीत, शब्दिक सवाल कहानी वचन अभ्यास आदि प्रोग्राम कराए जाते हैं। नोडल संकुल शिक्षक सेमरियावां जफीर अली, कहकशां खातून, सुरजन गोंड, आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों को चिन्हित कर सीबीएसई बोर्ड से मान्यता खत्म कराई जाए संदीप अग्रवाल सोनी



**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से व्यापारी व पदाधिकारी इकट्ठा होकर कलेक्ट पहुंचे वहां पर उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि समस्त सीबीएसई स्कूलों में लगातार स्कूलों में छात्रों की फीस अनाधुंध बढ़ाई जा रही है लगातार स्कूल किताबों का कोर्स प्रतिवर्ष बदलाव पर कोर्स महंगा करके दिलाया जा रहा है व साथ ही एडमिशन फीस मे भी भारी रकम वसूल की जा रही है जिससे आम जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है जिस कारण मिडिल क्लास के परिवार अपने बच्चों को नहीं पढ़ पा रहे हैं व शिक्षा का अभाव बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर सीबीएसई बोर्ड से मान्यता खत्म कराई जाए इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, जिला मंत्री फहीमअहमद, शादाब खान, आसिफ खान, अलीम खान, सुरेश मदन, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, शाहिद खुसरो, शाहिद अली, वावू खान अन्य सैकड़ो की संख्या मे पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की पांचवी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने दुर्घटना से सुरक्षा के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाली कनेक्टिंग सड़कों का चिन्हिकरण करते हुए कनेक्टिंग मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दिये। उन्होंने सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए 300 मीटर पहले से ही साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश एनएचएआई को दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन, पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सभी स्कूलों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग नहीं होंगे, उन विद्यालयों पर कार्रवाई की जायेगी। जिन स्कूलों के बाहर सड़क पर स्कूल बस से बच्चों को उतारा व बैठाया जाता है, उन सभी को लोक निर्माण विभाग के स्तर से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और अनावश्यक जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट और ओवरलोड वाहन चालकों के विरुद्ध अधिक से अधिक चालान की कार्यवाही की जाए। ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही में भी तेजी लाएं।

# रूसी लाइब्रेरी एसोसिएशन (आरएलए) द्वारा आयोजित अखिल रूसी लाइब्रेरी कांग्रेस रूसी लाइब्रेरी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आयोजन

**वेलकम इंडिया**



रामपुर इस वर्ष, 29वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 26 से 29 मई तक रूस के इजेव्स्क शहर में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रूसी लाइब्रेरी क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन है और इसमें विभिन्न देशों के पुस्तकालयों और संस्थानों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारत से 10 सदस्यों का दल इस आयोजन में भाग ले रहा है। जिसमें रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी भी इस आयोजन में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में भाग ले रहे हैं।

रूसी लाइब्रेरी एसोसिएशन के 29वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर आयोजित ₹रूसी-भारतीय पुस्तकालय संवाद में भारत के प्रतिष्ठित रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने ₹ए.आई, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों को पुस्तकालय सेवाओं में एकीकृत करने पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि आज का पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवंत ज्ञान केंद्र है जहाँ मानव जिज्ञासा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का संगम होता है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद में सम्भावित बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कर की गयी तैयारियों की समीक्षा

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार अध्यक्षता में बरसात के मौसम में सम्भावित बाढ़ एवं बंधों के कटान आदि से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बाढ़ अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी ड्रेनेज खण्ड ने सम्भावित बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत अब तक की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन परियोजनाओं/बंधों की मरम्मत आदि को गुणवत्ता सहित अबिलम्ब पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील नदियों राप्ती एवं घाघरा के आस-पास के इलाकों में सम्भावित बाढ़ से पूर्व की गयी तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए बंधो, बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों एवं राहत शिविरों की स्थापना एवं अलग-अलग विभागों को उनके विभागीय जिम्मेदारियां के अनुसार लगाई गई ड्यूटी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी सतर्कता, तैयारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बाढ़ के दौरान राहत किट हेतु जिला पूर्ति अधिकारी एवं पशुओं हेतु भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस संबंध में आवश्यक टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। जनपद में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव हेतु 03 बाढ़ चौकी, 04 राहत केंद्र एवं 05 राहत शिविर बनाए गए हैं। जिनमें आवश्यकतानुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बाढ़ की सम्भावना से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों विशेष रूप से धनघटा तहसील एवं मेंहदावल तहसील में बाढ़ से प्रभावित हो सकने वाले ग्रामीणों एवं उनके पशुओं को बाढ़ के दौरान व्यवस्थित किये जाने हेतु राहत कैम्पों की स्थापना एवं संचालन से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा बिन्दुवार सम्बंधित अधिकारियों से उनके जिम्मेदारियों एवं विभागीय कार्यों के विषय में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राहत कैम्पों की स्थापना एवं संचालन के विषय में जिलाधिकारी ने राहत कैम्पों की स्थापना एवं संचालन से सम्बंधित सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वयता बनाये रखने का निर्देश देते हुए कहा कि चूकि बाढ़ एक आकस्मिक आपदा है इसलिए इसके दुष्प्रभाव से बचने हेतु पहले से ही सभी बिन्दुओं पर पैनी नजर बनाये रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राहत कैम्पों की स्थापना ऐसे स्थलों पर किया जाए जहां अवागमन की अच्छी सुविधा हो।

# मैथवर्क्स द्वारा मैटलैब उपयोग के लिए काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को उत्तरी भारत में शीर्ष स्थान का सम्मान

वेलकम इंडिया




**गाज़ियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को मैथवर्क्स (मैथवर्क्स) द्वारा एक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान उत्तरी भारत में मैटलैब के कैंपस-वाइड लाइसेंस (सी०डब्ल्यू०एल) के सर्वाधिक प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया है। यह गौरवपूर्ण पहचान भारत की 450 से अधिक संस्थाओं में से केवल शीर्ष 10% संस्थानों को दी गई है, और काईट उनमें से एक है। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में संस्था में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मैथवर्क्स और डिजाइनटेक सिस्टम्स प्रा. लि. के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमे चंदन प्रमाणिक (डायरेक्टर झ एजुकेशन, मैथवर्क्स),दीपक शर्मा (सेल्स अकाउंट मैनेजर झ उत्तर भारत, मैथवर्क्स) एवं अनूप पांडे (मैनेजर, डिजाइनटेक सिस्टम्स प्रा. लि.) शामिल थे।अपने वक्तव्य में चंदन प्रमाणिक ने काईट में शिक्षण और शोध के वातावरण की सराहना करते हुए कहा, ₹हर शिक्षक को निरंतर नए ज्ञान के अधिग्रहण में संलग्न रहना चाहिए।₹ उन्होंने गुणवत्ता-आधारित प्रोजेक्ट्स की आवश्यकता पर जोर दिया और आई०आई०टी हैदराबाद में आगामी ड्रोन प्रतियोगिताओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मैथवर्क्स और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। संस्थान के संयुक्त निदेशक, डॉ. मनोज गोयल ने स्वागत भाषण में कहा, ₹मैटलैब सी०डब्ल्यू०एल के प्रभावी उपयोग के लिए यह सम्मान हमारे अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैटलैब ने हमारे छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान और नवाचार की दिशा में सशक्त किया है। निदेशक अकादमिक, डॉ. आदेश पांडे ने मैटलैब की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹मैटलैब अब केवल एक सॉफ्टवेयर नहीं बल्कि नवाचार का आधार बन गया है। यह शिक्षण को उच्च स्तर पर ले जाता है, यूएन सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स (जैसे स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार आदि) में योगदान देता है, और छात्रों की सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने की क्षमताओं को बढ़ाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान कोई समापन नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। ₹हम मैटलैब को और अधिक उन्नत शिक्षण मॉड्यूल, शोध केंद्रों और बहु-विषयक परियोजनाओं में एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।, उन्होंने आगे कहा डीन आरएंडडी, डॉ. विभव कुमार सचान को इस आयोजन के समन्वयन और सफल संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विशेष धन्यवाद दिया गयो उन्होंने मैटलैब लाइसेंस के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीकी और शैक्षणिक स्तर पर निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह निर्णय संस्था में गुणवत्ता अनुसंधान और उद्योग-उन्मुख शिक्षण को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हुआ है। आज मैटलैब का उपयोग काईट में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से हो रहा है, जैसे अंतिम वर्ष की परियोजनाओं और प्रोटोटाइप निर्माण में, प्रायोजित शोध और रिसर्च पेपर प्रकाशन में, हैकाथॉन और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में, वर्कशॉप्स और प्रमाणन कार्यक्रमों में, मशीन लर्निंग, सिग्नल प्रोसेसिंग, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, नियंत्रण प्रणाली आदि में इस सम्मान ने काईट को शैक्षणिक नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रणी बना दिया है।

# कोरोना से अधिक जानलेवा होने जा रहा है मानसिक तनावः स्वामी योगप्रीत




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पिछले 35 वर्षों में 60 प्रतिशत लोग नशे और हिंसा की गिरफ़्त में आये हैं। आज तनाव के कारण आये दिन लोग आत्महत्या कर ने पर आमादा हो रहे हैं। इससे बचने के लिए व्यक्ति को मैडिटेशन का सहारा लेना चाहिए। उक्त बातें यहां एक भेंटवार्ता के दौरान स्वामी योगप्रीत में कही। इस दौरान स्वामी योगप्रीत ने ओशो के मिशन को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए हरियाणा निवासी मा नाइरा उर्फ राजेश को ओशो की पुस्तक भेंट की। मा नाइरा ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर करने के लिए जागरूकता जरूरी है। युवाओं को मैडिटेशन से जुड़ना चाहिए, मैडिटेशन से युवा अवचेतन से निकलता है और चेतन अवस्था मे आ जाता है जिससे वह नशे व अन्य ऐसी सामाजिक बुराईयों से दूर हो जाता है। ओशो के इसी मिशन को आगे बढ़ाने हेतु वे 31 मई से 02 जून तक हरियाणा के हिसार क्षेत्र के बिंथमारा में एक ध्यान शिविर आयोजित करने जा रही हैं।

# रुचिकर शिक्षण गतिविधियों का विद्यालयों में हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** विकास खंड सेमरियावां के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह की देख रेख में ब्लॉक के 62 जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप सचालित हैं।विद्यालय के अनुदेशक ,शिक्षामित्र एवं सहयोगी शिक्षक द्वारा संचालित किया जा रहा है समर कैंप के आठवें दिन बुधवार को कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां ,बाघनगर, महुआरी, करही,दुधारा,भंगुरा, कोहरियावां, तिनहरी,आदि स्कूलों में छात्र छात्राओं में रचनात्मकता,आत्मविश्वास और जीवन कौशल के विकास हेतु आनंददाई अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधि आयोजित की गई।बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता अभियान, फिटनेस एवं इनडोर खेल ,आनंददायक शिक्षण गतिविधियां, स्कूल में लगे पेड़ पौधों को गर्मी से बचाव हेतु जल आपूर्ति,कहानी वाचन का अभ्यास कराया गया बच्चों को प्रत्येक दिन वार्मअप,खेल एवं गणित संबंधी बातचीत,शब्दिक सवाल कहानी वचन अभ्यास आदि प्रोग्राम कराए जाते हैं। नोडल संकुल शिक्षक सेमरियावां जफीर अली, अब्दुर्रहीम, जुनेद अहमद, मनोज कुमार अनिल,इक़्तेदार अहमद,जावेद अहमद,कहकशां खातून,सुरजन गोंड,खुर्शीद अहमद,सुशील शर्मा,आदि मौजूद रहे।

# इंटर बटालियन फायरिंग कंपटीशन में 35 बटालियन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी,123 कैंप के नवे दिन ट्रेनिंग की शुरूआत पी टी परेड से हुई ।पी टी परेड के बाद टेंट पिचिंग, व ड्रिल कराई गई। सायं काल में खेलकूद प्रतियोगिता का फाइनल किया गया। तथा इंटर बटालियन फायरिंग कंपटीशन में 35 बटालियन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें टीम के कैडेट सदस्य अथर्व, हनी चौहान सागर ,संदीप, मोहित, रिहान, किट्टू ,नीतू ,राधिका रानी आदि को कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया ने बधाई दी। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए ।जिसमें सोलो डांस, सोलो सॉन्ग ,ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग व वाद्य यंत्र के द्वारा कैडेट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तथा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति देकर माहौल को देश प्रेम की भावनाओं से ओत प्रेत कर दिया। सभी एनसीसी कैडेट ने सांस्कृतिक प्रोग्राम का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर के प्रधानाचार्य मनोज कुमार , कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह ,डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, लेफ्टिनेंट नगेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट राजीव कुमार जांगिड़, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,ऑफिसर अनुराग गुप्ता, जीसीआई ,सोनिया केयर टेकर कोमल,सूबेदार मेजर परमानंद , सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर, जोगिंदर आदि लोग उपस्थित थे।

# सीबीगंज में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**सीबीगंज।** क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह के दिशानिर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थिति में एक पीरियड फ्रेंडली दुनिया के लिए की थीम पर आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने था, इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता बेहद ही जरूरी होती है क्योंकि यदि हम मासिक धर्म के दौरान गंदगी रखेंगे तो अनेकों बीमारी पनपती है मासिक धर्म के दौरान हमेशा ही सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि हम अपने आपको स्वच्छ रख सकें एवं बीमारियों से दूर रख सकें।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षकों की वेतन वृद्धि को लेकर बीएसए को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बरेली इकाई ने 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षकों के इंक्रीमेंट की मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला महामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि 15000 शिक्षक भर्ती के नियुक्ति पत्र 28 जून 2016 को वितरित हुए थे तथा एक जुलाई 2016 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण इनकी ज्वाइनिंग 2 जुलाई को हो सकी। जिन साथियों की जॉइनिंग एक जनवरी से एक जुलाई के मध्य होती है उन सभी का इंक्रीमेंट जुलाई में देय होता है वही अगर जुलाई का प्रथम दिन का अवकाश होता है तो ऐसी स्थिति में 2 जुलाई को नियुक्ति कर्मचारी और शिक्षक साथियों की नियुक्ति एक जुलाई ही मानते हुए उनको इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी में मिलना चाहिए। ऐसा ही मामला 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित साथियों के साथ हुआ है।एक जुलाई को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण उनकी ज्वाइनिंग 2 जुलाई को हो सकी, परंतु इनको वेतन वृद्धि का लाभ जुलाई 17 से मिल रहा है। जबकि जनवरी 17 से मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश के कुछ जनपद जैसे संत कबीर, नगर गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर ,आदि जनपदों में 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षक साथियों को वेतन वृद्धि का लाभ जनवरी 2017 से मिल रहा है इसी मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए बरेली को ज्ञापन सौंपकर वेतन वृद्धि का लाभ जनवरी से दिए जाने के लिए आदेश जारी करने का आग्रह किया। वहीं जिला कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने शिक्षकों की ड्यूटी का मुद्दा बीएसए साहब के समक्ष रखा।

जिन शिक्षकों की ड्यूटी जीटीआई में परीक्षा संपन्न कराने हेतु लगाई गई है ऐसे शिक्षक साथियों की पूरी समर वेकेशन एग्जाम ड्यूटी में ही खत्म हो जाएगी ऐसे शिक्षक साथियों को प्रतिकर अवकाश देने की मांग की है।

# बरेली पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, दो दिन में 45 घुसपैठिए किए चिन्हित



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बरेली की पुलिस ने कमर कस ली है। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के पहले दो दिनों में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिसके तहत जिले भर में 45 संदिग्ध घुसपैठियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें सबसे ज्यादा 11 भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मिले। तीसरे दिन भी पुलिस की टीमें सुबह-शाम जोर-शोर से सर्च ऑपरेशन चलाती रही। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कर दिया है कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे जिले में रह रहे इन घुसपैठियों की अब खैर नहीं ! उनके प्रमाणपत्र रद्द होंगे, सरकारी सुविधाएं बंद होंगी और कठोर कानूनी कार्रवाई भी होगी। पुलिस ने सोमवार और मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। 83 स्थानों पर छापेमारी कर 775 लोगों के दस्तावेज खंगाले गए। इस दौरान 45 संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक चिन्हित किए गए, जिनके दस्तावेज संदेहास्पद पाए गए। इनकी नागरिकता की गहन जांच शुरू हो चुकी है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि तीसरे दिन भी कई इलाकों में सर्च अभियान जारी है, और संदिग्धों की संख्या बढ़ सकती है।

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर हाईकोर्ट के आदेश पर सख्त कार्रवाई




वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल के स्पष्ट निर्देशन में नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अपनी सख्त मुहिम को जारी रखा है। बुधवार को हाई कोर्ट के आदेश पर नगर आयुक्त गौरव कुमार के निदेर्शानुसार जोन-5 के जोनल अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में आलमबाग क्षेत्र स्थित चंदन नगर मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी शहर को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त करने के लिए इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में प्रशासन का साथ दें और अवैध कब्जों की सूचना नगर निगम को दें ताकि लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# एसीईओ लक्ष्मी वीएस की जबरदस्त कार्यवाही , कॉन्ट्रैक्ट पर 2 लाख का जुमार्ना , सुपरवाइजर , अन्य के साथ सेवा समाप्त चेतावनी

वेलकम इंडिया



कांट्रेक्टर बिमलराज और प्राधिकरण कर्मचारियों के लिए चेतावनी निरीक्षण के दौरान ऐसी खामीं दिखी तो फर्म को ब्लैक लिस्ट करने और प्राधिकरण के सफाई उपनिरीक्षक व सुपरवाइजर की सेवा होगी समाप्त। - **एसीईओ लक्ष्मी वीएस ग्रेनो प्राधिकरण**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वीएस ने मंगलवार को औद्योगिक सेक्टर इकोटेक थ्री स्थित ट्वॉय सिटी और हबीबपुर व डेरीन गांव में छह फीसदी आवासीय भूखंड एरिया में विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं दिखी, जिसके चलते एसीईओ ने संबंधित फर्म बिमलराज कॉन्ट्रैक्टर पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित सफाई उपनिरीक्षक और सुपरवाइजर का वेतन रोकने का आदेश दिया है। एसीईओ ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा और सफाई उपनिरीक्षक और सुपरवाइजर की प्राधिकरण में सेवा समाप्त कर दी जाएगी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी अफसरों को विकास कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए नियमित रूप से भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वीएस ने मंगलवार सुबह औद्योगिक सेक्टर इकोटेक थ्री स्थित ट्वॉय सिटी और हबीबपुर व डेरीन गांव में छह फीसदी आवासीय भूखंड एरिया में विकास कार्य और सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची। उन्होंने विकास कार्यों के साथ ही साफ-सफाई का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान एसीईओ को कई जगह गंदगी दिखी। कूड़ा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा था, जिस पर एसीईओ ने प्राधिकरण के संबंधित स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। एसीईओ ने बिमलराज कॉन्ट्रैक्टर पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया और प्राधिकरण के सफाई उपनिरीक्षक और सुपरवाइजर का वेतन रोकने का आदेश दिया। एसीईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। खामी मिलने पर फर्म ब्लैकलिस्ट, कर्मचारियों के सेवा समाप्त। लक्ष्मी वीएस जैसे अधिकारी की तरह तमाम जिम्मेदार अफसर अपनी कर्तव्य निष्ठा से कार्य को अंजाम दे तो देश की तरक्की को कोई नहीं रोक सकता ।



# ब्रज किशोर गुप्ता बने वरिष्ट नागरिक संस्था के कार्यवाहक महासचिव

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर के बुजुर्गो की एक मात्र पंजीकृत संस्था वरिष्ट नागरिक संस्था की एक शोक सभा आज मंगलवार को यहां पुस्तकालय भवन में हुई। जिसमें संस्था के महासचिव एवं कवि रामकुमार गुप्ता सौमित्र तथा संस्था के ही सबसे बुजुर्ग सदस्य सत्य प्रशाद प्रेमी की पत्नी श्रीमती उर्मिला देव के असामायिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की गई। अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा व संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता ने दिवंगत महासचिव रामकुमार गुप्ता सौमित्र के निधन को संस्था की अपूर्णीय क्षति बताया। इस मौके पर डा0 आशराम गुप्ता, रतन सिंह पुनिया, हाजी शाहबुद्दीन, अशोक सिरोही, दरयाब सिंह राजपूत ह्यब्रजकणह्न, डा0 हरिदास गौतम ह्यअमरह्न, डा0 श्रद्धानंद शर्मा, डा0 परनामी, एनके ग्रोवर, भगवत प्रसाद सहित अन्य कई बुजुर्ग मौजूद थे।

# प्रमुख सचिव ने किया कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क और सक्रिय है। इसी क्रम में प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग मुकेश मेश्राम ने बुधवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसकी पूर्ण रूप से सुनिश्चितता की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रा के दौरान आवागमन, भोजन, विश्राम, चिकित्सा, स्वच्छता, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखने का आदेश दिया। श्री मेश्राम ने भवन के कमरों, शौचालयों, और प्रांगण की साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए और कहा कि सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे एयर कंडीशनर, पंखे, कूलर और लाइट सुचारु रूप से कार्य करें, यह पहले से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और उत्तम गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। साथ ही भवन परिसर में हरित वातावरण और सुंदरता बढ़ाने के लिए हरित सौंदर्यकरण तथा अन्य सजावटी कार्य भी कराए जाएं। उन्होंने कहा कि 11 जून 2025 से 26 अगस्त 2025 तक प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा में भाग लेने वाले यात्रियों को किसी भी स्तर पर असुविधा न हो, इसके लिए शासन स्तर से पूरी तैयारियाँ की जा रही हैं। भवन को न केवल एक विश्राम स्थल बल्कि एक सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को एक सकारात्मक और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, कैलाश मानसरोवर भवन के प्रबंधक दिनेश गर्ग सहित पर्यटन निगम के अधिकारीगण और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नीलपद्म कुंज सोसाइटी में भारी हाउस टैक्स के विरोध में प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सेक्टर-1, वैशाली स्थित नीलपद्म कुंज सोसाइटी में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भारी हाउस टैक्स लगाए जाने के विरोध में बुधवार को स्थानीय निवासियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पार्षद मनोज गोयल का घेराव करते हुए नगर निगम की इस कार्रवाई को जनविरोधी बताया और तत्काल समाधान की मांग की। विरोध कर रहे नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा अचानक टैक्स की राशि में भारी बढ़ोतरी की गई है, जिससे आमजन खासे परेशान हैं। निवासियों ने कहा कि यह निर्णय बिना किसी पूर्व सूचना या संवाद के लागू कर दिया गया है, जो पूरी तरह अनुचित है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नारेबाजी करते हुए पार्षद से यह मांग की कि इस मुद्दे को नगर निगम के उच्च अधिकारियों के समक्ष तुरंत उठाया जाए और टैक्स में की गई अनुचित वृद्धि को वापस लिया जाए। इस मौके पर पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने प्रदर्शनकारी नागरिकों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय में जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों से बात करेंगे और समाधान की दिशा में प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और जल्द ही स्थिति में सुधार कराया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अंशुल काचरू सहित कई प्रमुख नागरिक मौजूद रहे। इनमे दीपक गौड़, निशांत मेहरा, लोकेश राठौर, रेखा गुप्ता, जेपी सरकार, पंकज, अखिल अहलावत, वीरेंद्र सारस्वत, लता शर्मा, शशांक उपाध्याय, मुनीश रावत, सुधीर जैन, विवेक शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, सुशील कडू, उषा कॉल, मंजू कुलश्रेष्ठ, नारंग, राजकुमार अग्रवाल आदि रहे।

# नगर निगम के प्रकाश विभाग में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम के प्रकाश विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने से प्रशासन की छवि धूमिल होने लगी है। बुधवार को वार्ड-18 की पार्षद शशि सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नगर निगम के प्रकाश विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर संज्ञान लेने की मांग की है। पार्षद शशि सिंह ने बताया कि असिस्टेंट इंजीनियर राजकुमार आश का स्थानांतरण होने के बावजूद नगरायुक्त द्वारा उन्हें अभी तक रिलीव नहीं किया गया है, जिससे विभाग में मनमानी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

पार्षद शशि सिंह ने आरोप लगाया है कि राजकुमार आश नियमों की अवहेलना करते हुए फाइल बनाकर लगभग दस लाख रुपये के संदिग्ध कुटेशन पर आपूर्ति करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से जैम पोर्टल के माध्यम से ही सामानों की आपूर्ति करने के सख्त निर्देश होने के बावजूद राजकुमार आश ने पोर्टल पर सांठ-गांठ कर अपने पसंदीदा ठेकेदारों को काम दिया है। इस कारण विभाग में पारदर्शिता और ईमानदारी का दायरा सिकुड़ गया है। पार्षदों ने इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम में एक स्वतंत्र निजी जांच एजेंसी से इस भ्रष्टाचार की गहन जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी अपील की है ताकि प्रशासन में भ्रष्टाचार पर रोक लग सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद पवन गौतम और जाकिर सैफी भी मौजूद थे, जिन्होंने पार्षदों की शिकायत का समर्थन किया और प्रशासन से जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार के कारण जनता का प्रशासन पर से भरोसा कम हो रहा है।

# अटेवा प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए और एडीआईओएस से की मुलाकात

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच (अटेवा) की जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी ने बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव और सहायक जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय से भेंट की। इस दौरान संगठन की ओर से आगामी जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। खासतौर पर 14 जून को सार्वजनिक होने जा रही जनहित आधारित फिल्म 'जनहित मूवीज को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि यह फिल्म अटेवा द्वारा समाज में पुरानी पेंशन व्यवस्था की आवश्यकता और निजीकरण के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बनाई गई है। जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि जनहित मूवी में अभिनय करने वाले सभी पात्र असल जीवन में भी समाजसेवी हैं। यह फिल्म किसी पेशेवर कलाकारों द्वारा नहीं, बल्कि उन्हीं जमीनी कार्यकताओं द्वारा प्रस्तुत की गई है जो वर्षों से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में विजय बंधु नजर आएंगे और उनके साथ नवोदित कलाकारों के रूप में अटेवा से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों ने भी अभिनय किया है। इस फिल्म की पटकथा और गीत भी अटेवा के ही प्रतिभावान सदस्यों द्वारा लिखे और प्रस्तुत किए गए हैं, जिससे यह फिल्म पूरी तरह से जनआंदोलन की आत्मा को प्रतिबिंबित करती है। फिल्म का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों, बल्कि आम जनमानस को भी यह समझाना है कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली क्यों जरूरी है और कैसे निजीकरण से देश की सार्वजनिक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। अटेवा का यह प्रयास सिर्फ एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतना का स्वरूप है, जो पूरे प्रदेश ही नहीं, देशभर में एक नई जागरूकता का संचार करेगा। इसके अतिरिक्त संगठन ने बीएसए महोदय को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें आग्रह किया गया कि सूचना के अधिकार के तहत की जा रही शिकायतों की जांच में पारदर्शिता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की कार्यवाही से पूर्व शिकायतकर्ता की पहचान और विश्वसनीयता की गहन जांच की जाए।

# टैक्स में 3 से 5 गुना बढ़ोतरी से व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश, विधायक को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाल ही में किए गए हाउस टैक्स में तीन से पांच गुना वृद्धि के फैसले ने शहर के व्यापारी वर्ग में भारी असंतोष पैदा कर दिया है। इस बढ़ोतरी को लेकर व्यापार मंडल एकजुट होकर विरोध की योजना बना रहा है। बुधवार को मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीत पाल त्यागी को व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर तत्काल इस टैक्स वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संजय नगर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और व्यापारी नेता मौजूद रहे। व्यापार मंडल के चेयरमैन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, ठाकुर बबलू सिंह, दीपक त्यागी सहित अनेक व्यापारिक प्रतिनिधि इस विरोध सभा में शामिल थे। सभी ने नगर निगम के इस निर्णय को व्यापार विरोधी और आम जनता व छोटे व्यवसायियों के लिए विनाशकारी करार दिया। व्यापार मंडल ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में कोविड-19 महामारी के बाद आर्थिक मंदी से पहले ही व्यापारियों की हालत दयनीय है। ऐसे में अचानक टैक्स में इस प्रकार की भारी बढ़ोतरी व्यापारिक गतिविधियों पर गहरा असर डालेगी। यह कदम न केवल व्यापार को प्रभावित करेगा, बल्कि बेरोजगारी बढ़ाने और आर्थिक विषमता को भी बढ़ावा देगा। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर निगम ने इस टैक्स वृद्धि को जल्द वापस नहीं लिया, तो वे बड़े पैमाने पर सड़क प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में यह भी जोर देकर कहा गया कि टैक्स वृद्धि बिना किसी सार्वजनिक परामर्श और व्यापारियों की राय लिए बिना लागू की गई है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है और स्वीकार्य नहीं है।

# राशन कार्ड धारकों के लिए अलर्ट, 30 जून तक कराना होगा केवाईसी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की फ्री राशन योजना का लाभ उठाने के लिए जिले के राशन कार्ड धारकों को 30 जून तक अपनी केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरी करानी होगी। जिले में कुल 4.45 लाख राशन कार्ड हैं, जिनमें 19.51 लाख यूनिट शामिल हैं। अब तक 16.30 लाख यूनिट की केवाईसी हो चुकी है, लेकिन 3.30 लाख यूनिट की प्रक्रिया अभी बाकी है। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि केवाईसी कार्य में गाजियाबाद मंडल के छह जिलों में पहले स्थान पर है, लेकिन पूरे उत्तर प्रदेश में यह 18वें स्थान पर है। अब तक जिले में 83.08 प्रतिशत केवाईसी पूरी हो चुकी है। शेष यूनिटों के लिए विभाग ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। राशन कार्ड धारक अपने नजदीकी राशन विक्रेता के पास जाकर आधार कार्ड के माध्यम से केवाईसी करवा सकते हैं। गाजियाबाद में हर महीने करीब एक लाख मैट्रिक टन राशन का वितरण होता है। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली सीमा से सटे गाजियाबाद के कुछ लाभार्थी दिल्ली से राशन लेना पसंद करते हैं, क्योंकि दिल्ली में राशन वितरण महीने की पहली तारीख से शुरू हो जाता है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह सात तारीख से आरंभ होता है। आपूर्ति विभाग ने ऐसे लाभार्थियों से अपील की है कि वे यदि दिल्ली से राशन ले रहे हैं तो वहां भी अपनी केवाईसी अवश्य करवाएं ताकि किसी प्रकार की समस्या न आए। राशन कार्ड में यूनिट का अर्थ होता है एक परिवार के जितने सदस्य कार्ड में दर्ज हैं, उतनी यूनिट। उदाहरण के तौर पर अगर एक परिवार में पांच सदस्य हैं, तो वह राशन कार्ड पांच यूनिट का माना जाएगा और सभी यूनिटों की केवाईसी कराना आवश्यक है। सरकार की ओर से यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि सही लाभार्थियों तक राशन पहुंच सके और फजीवाड़े पर अंकुश लगाया जा सके। यदि कोई कार्डधारक समय रहते केवाईसी नहीं करवाता है।

# आईआईए ने की उत्तर प्रदेश में औद्योगिक भूमि के फ्रीहोल्ड की मांग




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और राज्य के अन्य प्रमुख औद्योगिक संगठनों ने सरकार से माँग की है कि प्रदेश में दी गई लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित किया जाए। कविनगर में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता की अध्यक्षता करते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित किया जाए। यह निर्णय न केवल उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करेगा, बल्कि सरकार को भी राजस्व का अतिरिक्त स्रोत प्रदान करेगा और औद्योगिक निवेश के द्वार खोल देगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अधिकांश औद्योगिक भूखंड लीजहोल्ड के रूप में आवंटित किए जाते हैं। इस व्यवस्था के कारण उद्यमियों को कई प्रशासनिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। उद्योग चलाते समय यदि कोई नया उत्पाद शुरू करना हो, बैंक से संबंधित बदलाव करने हों, या फिर उद्योग को अपने परिवार के किसी सदस्य को हस्तांतरित करना हो, तो उन्हें संबंधित सरकारी विभागों से अनुमति लेनी पड़ती है। यह प्रक्रिया न केवल समय लेने वाली है, बल्कि कई बार भ्रष्टाचार की संभावना को भी जन्म देती है। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों का भी मूल्यवान समय केवल अनुमतियाँ जारी करने में ही व्यतीत होता है। औद्योगिक संगठनों का कहना है कि अन्य राज्यों जैसे दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में पहले से ही लीजहोल्ड औद्योगिक भूखंडों को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित करने की नीतियाँ लागू हैं।

# ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल में समर कैंप का रंगारंग समापन हुआ

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** सनसिटी स्थित ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। यह कैंप न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन और मस्ती का माध्यम बना, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता, सहयोग और रचनात्मकता जैसे जीवन कौशल को भी विकसित करने का प्रभावशाली जरिया रहा। स्कूल के प्रांगण में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और गर्मियों की छुट्टियों को यादगार बना दिया। समर कैंप की खास बात यह रही कि इसमें बिना आग के खाना पकाने जैसी रोचक गतिविधियों को शामिल किया गया, जिसमें बच्चों ने स्वयं भेल पूरी, वेज सैंडविच और फ्रूट चाट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इस दौरान शिक्षकों ने न केवल मार्गदर्शन किया बल्कि बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार और पोषण से जुड़ी अहम बातें भी सहज ढंग से सिखाईं। इस अभ्यास के जरिए बच्चों ने यह समझा कि कैसे छोटी-छोटी रसोई गतिविधियाँ भी जीवन के बड़े पाठ पढ़ा सकती हैं। कैंप के दौरान बच्चों के बीच सामूहिकता और सहयोग की भावना देखने को मिली। उन्होंने टीम वर्क के साथ खाना तैयार किया, उसे सजाया और एक-दूसरे के साथ बाँटकर खाने का अनुभव साझा किया। यह न सिर्फ उनके सामाजिक कौशल को उभारने वाला अनुभव था, बल्कि आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाई देने वाला रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में स्कूल की उपप्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित, सिख समाज ने जताया आभार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 1984 सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों को वर्षों बाद न्याय की एक नई किरण दिखाई दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इन पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति पत्र (जॉइनिंग लेटर) प्रदान कर एक ऐतिहासिक और मानवीय निर्णय लिया गया है। इस पहल को न केवल एक सरकारी कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि यह उन परिवारों के आत्मसम्मान को पुनः स्थापित करने की दिशा में एक भावनात्मक और संवेदनशील कदम माना जा रहा है। इस कार्य के लिए सिख समाज की ओर से विशेष रूप से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रेलवे रोड बजरिया की पूरी कमेटी और समाज के गणमान्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार के केंद्रीय मंत्री सरदार मनिंदर सिंह सिरसा का हृदय से आभार प्रकट किया है। गुरुद्वारा कमेटी ने इस निर्णय को पीड़ितों के जख्मों पर मरहम रखने वाला कदम बताते हुए इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ी जीत करार दिया। वरिष्ठ रालोद नेता इंदरजीत सिंह टीटू ने कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन हजारों परिवारों के लिए सम्मान और न्याय की प्रतीकात्मक शुरूआत थी जिन्हें दशकों तक केवल राजनीतिक वादों से बहलाया गया। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों, विशेषकर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों तक सिर्फ आश्वासन दिए, लेकिन व्यावहारिक कदम नहीं उठाया।

# अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत भाजपा महानगर द्वारा बुधवार को एचएलएम कॉलेज, दिल्ली-मेरठ रोड पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों पंचायत प्रतिनिधियों, ब्लॉक प्रमुखों, बीडीसी सदस्यों, नगर निगम और नगरपालिका प्रतिनिधियों ने भाग लेकर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज पोशवाल और मुख्य आयोजक मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा और आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, चेयरमैन राजन चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय, अमर दत्त शर्मा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी व राहुल चौधरी डैनी, महामंत्री सुशील गौतम सहित अनेक गणमान्यजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने पंचायत प्रतिनिधियों को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए कहा कि भाजपा अहिल्याबाई होल्कर के सेवा और न्याय के सिद्धांतों से प्रेरित होकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज पोसवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तिकरण और समाजसेवा की प्रेरणा है।